
इंदौर, शुक्रवार 05 दिसंबर 2025
■ वर्ष : 5 ■ अंक : 34
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2
dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650



राष्ट्रपिता को नमन...


## अंदर के पन्नों पर...

निजी अस्पताल भेज रहे शासकीय डॉक्टर, निलंबित



पेज-2

रविन्द्र जडेजा की धीमी बल्लेबाजी से हारे : पठान



पेज-5

लापरवाही मिलने पर 3 पटवारी निलम्बित



पेज-6


## कमलनाथ को याद आए सिंधिया कैलाश ने कहा वे अब हमारे



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● ग्वालियर के पूर्व राजघराने के 'श्रीमंत' यानी केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मिले दर्द को कांग्रेस भूल नहीं पा रही है। कांग्रेसी नेताओं के मुंह से उनकी चर्चा सुनाई दे ही जाती है। मध्य प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र में पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर से मिलने पहुंचे तो पूछ लिया कि आपके सिंधिया जी कैसे हैं। नरेंद्र सिंह तोमर ने जवाब दिया-वह अच्छे, स्वस्थ और प्रसन्न हैं। इसी बीच वहां बैठे मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने ठहाके लगाते हुए कह दिया कि अब आपके सिंधिया जी हमारे हो गए हैं।

कमल नाथ अब तक अपनी सरकार 15 महीने में ही गिर जाने का दर्द भूल नहीं पाए हैं। वर्ष 2020 में कांग्रेस सरकार ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनके साथ 22 विधायकों के पार्टी छोड़ने के कारण गिर गई थी। राजनीति के जानकार इस वार्तालाप में कमल नाथ का पुराना दर्द ही देख रहे हैं। केंद्रीय मंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री रहे कमल नाथ इन दिनों केवल विधायक हैं। संगठन में भी उनके पास कोई जिम्मेदारी नहीं है। कांग्रेस की नई पीढ़ी भी उन्हें वह महत्व नहीं दे रही है, जिसके वह हकदार हैं। इधर, ज्योतिरादित्य सिंधिया को भाजपा में आगे बढ़ते हुए सभी देख ही रहे हैं। भाजपा ने ज्योतिरादित्य को पहले राज्यसभा में भेजा,



केंद्रीय मंत्री बनाया और फिर वर्ष 2024 में लोकसभा चुनाव में सांसद केपी यादव का टिकट काटकर चुनाव मैदान में उतारा। मोदी सरकार में उन्हें दूसरी बार मंत्री बनाया गया। कमल नाथ भी महसूस कर रहे होंगे कि वह भी ज्योतिरादित्य की राह पर चल देते तो ठीक रहता। उनकी यही पीड़ा भाजपा नेताओं के साथ बातचीत में दिखाई दी।

### कई एक जैसे घटनाक्रम

दोनों के साथ वर्ष 2018 में मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी लेकिन ज्योतिरादित्य सिंधिया को उपेक्षा झेलनी पड़ी। ठीक ऐसी ही उपेक्षा इन दिनों कांग्रेस में कमल नाथ झेल रहे हैं। ज्योतिरादित्य कांग्रेस में रहने के दौरान गुना-शिवपुरी सीट पर वर्ष 2019 का लोकसभा चुनाव हार गए थे। वर्ष 2024 में कमल नाथ ने भी परंपरागत सीट छिंदवाड़ा पर वर्चस्व खो दिया। उनके बेटे नकुल नाथ यहां से



पराजित हो गए थे। इसके बाद कमल नाथ ने राज्यसभा में जाने का प्रयास भी किया लेकिन पार्टी ने अवसर नहीं दिया। यही स्थिति ज्योतिरादित्य के साथ बनी थी, लोकसभा चुनाव हारने के बाद वे भी राज्यसभा में जाना चाहते थे लेकिन पार्टी ने उन्हें मौका नहीं दिया। ऐसा नहीं है कि उपेक्षा के चलते कमल नाथ ने नाराजगी नहीं दिखाई हो। वर्ष 2024 के अंत में कमल नाथ ने भी भाजपा में जाने की लगभग तैयारी कर ली थी लेकिन मामला बाद में बिगड़ गया।

## एमवायएच चूहे कांड की गूंज अब विधानसभा में भी हुई

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● एमवायएच में सितंबर 2025 में भर्ती दो शिशुओं की मौत हो गई थी। इनकी मौत अस्पताल के एनआईसीयू में चूहे के काटने से हुई थी। यह मामला सुर्खियों में बना था, लेकिन धीरे-धीरे दब गया। जो संगठन न्याय के लिए अस्पताल के बाहर धरने पर बैठे थे, वो भी इधर-उधर हो गए और मामले पूरी तरह से दबा दिया गया।

अब एक बार फिर एमवायएच के चूहे कांड की गूंज मध्यप्रदेश विधानसभा में गूंजेगी। धार जिले के सरदारपुर के विधायक प्रताप ग्रेवाल ने इस संबंध में विधानसभा में प्रश्न लगाया है और पूरे चूहे कांड की रिपोर्ट सहित अन्य जानकारी मांगी है। बड़ा सवाल उन्होंने यह उठाया है कि जब धार से शिशु को रैफर किया गया था, मां बाप का नाम उसमें दर्ज था, तो अस्पताल में दर्ज क्यों हुआ? साथ ही ऐसे करने वाले के खिलाफ क्या कार्रवाई हुई? रैफर दस्तावेजों में ग्राम का नाम दर्ज था। विधायक श्री ग्रेवाल ने विधानसभा में जानकारी मांग ही है कि अस्पताल इंदौर में चूहे के काटने से हुई दो बच्चों की मौत की जांच किस अधिकारी/कर्मचारी से कराई गई और जांच में शिशुओं की मृत्यु के क्या कारण पाये गए, दोषी अधिकारी और कर्मचारी पर की गई कार्रवाई एवं जांच रिपोर्ट की मांगी। उल्लेखनीय है कि एमवायएच चूहा कांड की जांच प्रदेश और स्थानीय स्तर पर की गई थी। कार्रवाई के नाम पर दो नर्सिंग ऑफिसर को निलंबित किया गया। पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग की एनआईसीयू प्रभारी को निलंबित किया गया वहीं एचओडी को हटा दिया गया। पेस्ट कंट्रोल के जिम्मेदारी संभालने वाले सीएमओ को भी निलंबित किया गया वहीं सुपरवाइजर का स्थानांतरण किया गया। अस्पताल अधीधक को लंबी छुट्टी पर भेजा गया। पेस्ट कंट्रोल एजेंसी से अनुबंध समाप्त किया गया। मामले की सुनवाई कोर्ट में चल रही है।

## छोटी भाजपा के सरदार के लिए शुरू हुई डर्टी पॉलिटिक्स

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● जैसे ही भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का नाम घोषित हुआ उसके साथ ही इंदौर में भाजयुमो की नगर इकाई में अध्यक्ष पद पाने के लिए सारे दावेदार जोड़ तोड़ में लग गए। इस पद के लिए सबसे ज्यादा दावेदार क्षेत्र क्रमांक 2 और राऊ के नजर आ रहे है। इक्का दुक्का दावेदार क्षेत्र 3 और 5 के भी अपनी दावेदारी कर रहे है। सबसे ज्यादा हलचल विधायक रमेश मेंदोला के क्षेत्र में बनी हुई है, जहां एक दावेदार पर दादा की कृपा के चलते बाकी दावेदार इकट्ठे हो कर दबा छुपा विरोध कर रहे हैं, जिसका परिणाम कल सोशल मीडिया पर वायरल हुई एक खबर से आया, जिसमें दादा की कृपा पात्र नेता की खबर और रोचक अंदाज में बनाकर प्रस्तुत किया गया। सच क्या है यह तो जांच का विषय है लेकिन यह साफ हो चला कि अब इस पद को लेकर खुलेआम डर्टी पॉलिटिक्स शुरू हो गई। इसी तरह से राऊ में भी दावेदारों के आकाओं के मध्य राजनीतिक मतभेद भी उभरकर सामने आ रहे हैं। बदली परिस्थिति में अब दावेदार और उनके समर्थक सोशल मीडिया पर अलग-अलग तरीके से पोस्ट करने में लगे हुए है। सूत्रों का कहना है कि इस बार भाजयुमो के नगर अध्यक्ष पद के लिए जबरदस्त घमासान मचने के आसार नजर आ रहे हैं। सूत्र अब इस बात से भी इनकार नहीं कर रहे हैं कि आगे आने वाले दिनों में और भी डर्टी पॉलिटिक्स की कहानी सुनी दे।

### बीजेपी कार्यालय में बैठेंगे प्रदेश सरकार के मंत्री

## कार्यकर्ता और मंत्री के बीच फासले को पाटने की कवायद

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● सियासी मामलों में मध्यप्रदेश में बीजेपी हमेशा ही नए प्रयोग करती रही है। हम कह सकते हैं कि मध्यप्रदेश बीजेपी की पॉलिटिकल लैबोरेटरी है। जहां अमूमन हर प्रयोग सफल ही रहा है। फिर वो चाहे लाडली लक्ष्मी का प्रयोग हो या लाडली बहना योजना का। और, अब बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देश पर बीजेपी ने मंत्रियों को लेकर नया प्रयोग शुरू किया है। किसी भी प्रदेश में मंत्री से मिलना बहुत आसान नहीं होता। आम आदमी के तो चक्कर लगा-लगाकर जूते तक घिस जाते हैं। इसके बाद भी मंत्री से मुलाकात हो ही जाएगी, इसकी कोई गारंटी नहीं होती। मध्यप्रदेश में भी हालात कमोबेश ऐसे ही होते जा रहे थे। इसका तोड़ निकाल लिया है प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने। बीजेपी में लंबे समय से ये शिकायत मिल रही थी कि मंत्री से मिलना मुश्किल हो रहा है। बीजेपी कार्यकर्ताओं का ये दर्द भी था कि तमाम कोशिशों के बावजूद उनकी सुनवाई नहीं होती।




इस शिकायत का हल कुछ यूं निकला है कि अब कार्यकर्ता को अपने क्षेत्र के काम कराने या समस्याएं बताने के लिए मंत्री के बंगले या मंत्रालय के चक्कर काटने ही नहीं पड़ेंगे। सप्ताह में दो दिन छोड़कर मंत्री प्रदेश भाजपा कार्यालय में ही बैठेंगे। यानी कि सोमवार से शुक्रवार तक कोई न कोई मंत्री प्रदेश कार्यालय में मौजूद होगा। उनकी बैठक का समय मुकर्रर हुआ है एक बजे से तीन बजे तक के बीच का। इस दौरान वो कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। और, जितना हो सकेगा मौके पर ही समस्या का समाधान भी करेंगे। हेमंत खंडेलवाल के निर्देश पर एक दिसंबर से इसकी शुरुआत हो भी चुकी है। हर दिन एक मंत्री और एक राज्यमंत्री प्रदेश कार्यालय में बैठ रहे हैं। सबसे पहले उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने प्रदेश कार्यालय में बैठक की।

### कार्यकर्ताओं को पसंद आ रहा नया प्रयोग

सारे मंत्रियों को ये निर्देश भी दिए गए हैं कि इस व्यवस्था को कंटिन्यू रखने की ज्यादा से ज्यादा कोशिश हो। किसी भी मंत्री की बैठक का दिन तब ही एडजस्ट होगा जब पार्टी का कोई खास कार्यक्रम या बैठक हो। बीजेपी के हलकों में खबर है कि नए अध्यक्ष का ये नया फरमान कार्यकर्ताओं को खासा पसंद आ रहा है। उन्हें यकीन है कि अब अपने क्षेत्र की समस्या को लेकर सीधे मंत्री से मिलना पहले से कहीं ज्यादा आसान होगा। बस उन्हें ये पता होना चाहिए कि कौन सा मंत्री किस दिन कार्यालय में मौजूद होगा।

## राजेंद्र नगर स्थित सरकारी स्कूल के पास होटल बनी अनैतिक कामों का अड्डा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● राजेंद्र नगर स्थित शासकीय कन्या पाठशाला के ठीक सामने स्थित होटल के कर्मचारियों द्वारा स्कूल की बालिकाओं से छेड़छाड़ एवं मारपीट आदि की गई थी, जिसकी शिकायत स्कूल के प्राचार्य द्वारा पुलिस थाना राजेंद्र नगर पर की गई। इस संबंध में क्षेत्रीय पार्षद प्रशांत बडवे को भी स्कूल प्रबंधन ने उक्त समस्या बताई गई। यह भी बताया गया कि उक्त होटल में दिन भर मुंह पर कपड़ा बांधकर लड़के-लड़कियां आते हैं और दो-दो घंटे रुक के निकल जाते हैं। उक्त होटल पर आने वाले लड़कों एवं होटल के स्टाफ द्वारा स्कूल की छोटी-छोटी बालिकाओं को अभद्र टिप्पणी की जाती है। होटल पर जाकर पुलिस को सूचना की गई, तब भी होटल में कम उम्र के लड़के-लड़कियां मौजूद थे। रहवासियों द्वारा विरोध व्यक्त करने पर होटल से लड़के-लड़कियां मुंह पर कपड़ा बांधकर भाग निकले। इस तरह की घटनाओं से रहवासियों में भारी आक्रोश है। पार्षद बड़वे ने पुलिस से घटना की जांच तथा कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

### न्यूज ब्रीफ

- इंडिगो की फ्लाइट्स कैंसिल होने से मुंबई-हैदराबाद सहित कई एयरपोर्ट्स पर पड़ा असर
- आरबीआई ने घटाई रेपो रेट की दर
- उत्तराखंड के चंपावत में बड़ा सड़क हादसा, 200 मीटर खाई में गिरी बोलेरो, 5 मृत
- 3 राज्यों में 22 जगहों पर एनआईए की रेड, अवैध हथियार और गोला-बारूद तस्करी से जुड़े 4 अरेस्ट
- पाकिस्तान ने यूएन को बॉर्डर क्रॉसिंग के जरिए अफ़गानिस्तान में राहत सप्लाई पहुंचाने की इजाज़त दी
- यूपी : आजम खान के दो पासपोर्ट मामले पर फैसला देगा रामपुर कोर्ट
- होंग कॉन्ग अग्निकांड में मृतकों संख्या बढ़कर 156 हुई
- आज दो दिवसीय दौरे पर झारखंड जाएंगे जेपी नड्डा
- आसाराम की जमानत के खिलाफ पीड़िता की अर्जी पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज
- यूपी : राहुल गांधी की नागरिकता से जुड़ी अर्जी पर रायबरेली में सुनवाई आज
- पीएम मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन को रूसी भाषा में गीता की कॉपी भेंट की

## शास्त्री ब्रिज : चूहों के ट्रीटमेंट के लिए जमीन में लगाए जाएंगे कांच

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● शास्त्री ब्रिज के फुटपाथ को नया किया जा रहा है। इसका काम भी शुरू हो गया है। पुराने ब्लॉक निकाले जा रहे हैं। मिट्टी को खोदा जाएगा। इसके साथ ही चूहों के लिए ट्रीटमेंट कर जमीन में कांच लगाए जाएंगे, इसके बाद इसे बंद कर नए ब्लॉक लगाए जाएंगे।

पिछले महीने की 2 तारीख को शास्त्री मार्केट के पास शास्त्री ब्रिज पर चूहों की वजह से अचानक गड्ढा हो गया था। मामला सामने आया तो जनकार्य प्रभारी राजेंद्र राठौर ने एसजीएसआईटीएस कॉलेज के एक्सपर्ट के साथ दौरा किया और यहां का सुधार काम करवाया। कुछ दिनों बाद रीगल चौराहे पर गांधी प्रतिमा के आसपास चूहों की शिकायतें मिली। उन्होंने यहां का दौरा किया, तो चूहों की बिल देख



चौंक गए। इसी दौरान उन्होंने शास्त्री ब्रिज पर बने फुटपाथ को देखा तो वह काफी उबड़-खाबड़ हो गया था, जिससे यहां से गुजरने वाले लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था। जनकार्य प्रभारी राजेंद्र राठौर ने बताया कि शास्त्री ब्रिज के फुटपाथ का काम शुरू कर दिया गया है। पुलों के मेंटनेंस और फुटपाथ का काम किया जा रहा है। फुटपाथ को भी एसजीएसआईटीएस कॉलेज के एक्सपर्ट को दिखा दिया है। रीगल से शास्त्री ब्रिज पर चढ़ने वाली भुजा पर बने फुटपाथ के ब्लॉक को निकाला जा चुका है। यहां पर पेस्ट कंट्रोल किया जाएगा, जमीन में कांच के टुकड़े डाले जाएंगे, ताकि चूहे ना हो सके। इसके साथ ही नए ब्लॉक लगाए जाएंगे और फुटपाथ बना दिया जाएगा।

## बीआरटीएस : रेलिंग हटाने का काम पूरा होते ही बनेगा डिवाइडर

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● हाईकोर्ट की फटकार के बाद इंदौर के बीआरटीएस को हटाने के काम में तेजी आई है। बीआरटीएस की एक तरफ की रेलिंग को कई जगह से निकाल दिया है। जहां पर बचा है उसे भी निकालने का काम किया जा रहा है। आगामी एक-दो दिन में ये काम पूरा हो जाएगा। इसके बाद संभवत: सोमवार से बीआरटीएस में बने बस स्टॉप को हटाने का काम शुरू किया जाएगा। बीआरटीएस की रेलिंग और डिवाइडर हटाने के साथ ही वहां पर रोड को भरने का काम भी किया जाएगा। इसके बाद रोड के बीच में डिवाइडर बनाने के काम की शुरुआत होगी।

राजीव गांधी चौराहे से लेकर निरंजनपुर तक करीब 11 किमी के बीआरटीएस को हटाने का काम तेज हो



गया है। पिछले दिनों हाईकोर्ट की फटकार के बाद बीआरटीएस की रेलिंग को तोड़ने के काम में तेजी आई है। बीआरटीएस की एक तरफ की रेलिंग को कई जगह से हटा दिया गया है, जहां बचा है उसे भी हटाने का काम तेजी से किया जा रहा है। नगर निगम के जनकार्य प्रभारी राजेंद्र राठौर ने बताया कि बीआरटीएस की रेलिंग को हटाने का काम तेजी से किया जा रहा है। एक तरफ की रेलिंग हटाई जा रही है। आगामी एक-दो दिन में एक तरफ की रेलिंग हटाने का काम पूरा हो जाएगा। इसके साथ ही रेलिंग जिस डिवाइडर में लगे है उन्हें भी तोड़ा जाएगा और रोड को प्लेन किया जाएगा। सोमवार से बीआरटीएस में बने बस स्टॉपों को हटाने की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

न्यूज ब्रीफ

## मध्यप्रदेश कोली समाज को महेश उमरैया के रुप में मिला जुझारु अध्यक्ष

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● अखिल भारतीय कोली समाज के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रकाश महावर कोली ने अपने प्रेस बयान में बताया कि कोली समाज के निर्वाचित अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र कश्यप जी ने ग्वालियर के युवा जुझारु समाजसेवी महेश उमरैया को मध्यप्रदेश कोली समाज का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है, गौरतलब है कि अखिल भारतीय कोली समाज के सर्वमान्य संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पद पर भोपाल के बलवंत शाक्य का कार्यकाल पूरा होने पर प्रदेश में नेतृत्व परिवर्तन की मांग पिछले एक साल से की जा रही थी, जिसमें इन्दौर से प्रकाश महावर कोली, भोपाल से अमरसिंह कंसोरिया, ग्वालियर से महेश उमरैया एवं पवन माहौर मुख्य दावेदार थे। लेकिन राष्ट्रीय अध्यक्ष कश्यप ने ग्वालियर के महेश उमरैया को प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व सौंपा है।



## इंदौर-उज्जैन हाईवे पर भव्य जिनालय के लिए शिला पूजन समारोह शनिवार को होगा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर-उज्जैन राजमार्ग स्थित श्री चामुंडेश्वरी पार्श्वनाथ विहार पर भव्य जिनालय एवं उपाश्रय का निर्माण किया जा रहा है। श्री पार्श्व नवरत्न विहार धाम ट्रस्ट की ओर से अध्यक्ष दीपक सुराना, उपाध्यक्ष प्रीतेश ओस्तवाल, सचिव अंकित मारू एवं कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र नाहर ने बताया कि जैनाचार्य युवा हृदय सम्राट प.पू. विश्वरत्न सागर म.सा. की प्रेरणा और मार्गदर्शन में शनिवार 6 दिसम्बर को सुबह 7.30 बजे ओजस्वी प्रवचनकार मुनिराज प.पू. तीर्थरत्न सागर म.सा. एवं प.पू. साध्वी वर्या श्री सुधाशना श्रीजी म.सा. आदिठाना की पावन निश्रा में शिला मुहूर्त होगा तथा सुबह 9 बजे धर्मसभा भी होगी।

## महिला कांस्टेबल ने लगाई फांसी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर के एरोड्रम थाना क्षेत्र अंतर्गत शुभम नगर में एक महिला आरक्षक द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। डीआरपी लाइन में पदस्थ महिला कॉन्स्टेबल ने अपने घर में फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, मृतिका का नाम प्रिया यादव (28) था, जो मूल रूप से बिहार के मुंगेर जिले की रहने वाली थी।

# निजी अस्पताल भेज रहे शासकीय डॉक्टर, एक निलंबित, एक का वेतन काटा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● शासकीय अस्पतालों से लाखों रुपये वेतन लेने के बाद भी यहां के डॉक्टर अपनी जेब भरने में ही व्यस्त रहते हैं। प्रदेश का सबसे बड़ा शासकीय अस्पताल एमवायएच हमेशा से मरीजों को निजी अस्पताल में भेजने के लिए चर्चा में रहा है। एक बार फिर निजी अस्पताल में मरीज को भेजने का मामला सामने आया है। मामले में एक डॉक्टर का 15 दिन का वेतन काटा गया है। इसी प्रकार ड्यूटी के समय घर पर आराम कर रही महिला सीनियर डॉक्टर को निलंबित करने की कार्रवाई की गई है।

दरअसल, कुछ दिनों पहले अस्पताल में रात के समय रतलाम से न्यूरोसर्जरी विभाग में एक मरीज इलाज के लिए आया। रातभर ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने उसका इलाज करने के बजाय जमीन पर रखा। इसके बाद उससे कहा कि आयुष्मान कार्ड है तो इंडेक्स अस्पताल में इलाज करवाओ और उसे भेज दिया। मामले में मरीज द्वारा लिखित शिकायत के बाद जांच की गई। जांच में सामने आया कि विभाग में एमसीएच के विद्यार्थी द्वारा मरीज को निजी अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया था। इसके एवज में उसे निजी अस्पताल की ओर से राशि भी मिलती है। मामले में जांच के बाद डॉक्टर का 15 दिन का वेतन काटा गया है।



**कलेक्टर पहुंचे अस्पताल, ड्यूटी डॉक्टर नहीं मिली**- एमवाय अस्पताल में जिन डॉक्टरों की ड्यूटी लगती है, वे इस दौरान निजी अस्पताल में रहते हैं या फिर घर पर आराम करते रहते हैं। हाल ही में सिमरोल सड़क हादसे के बाद घायलों को इलाज के लिए एमवाय अस्पताल भेजा गया था, लेकिन इमरजेंसी मेडिसिन विभाग में कोई ड्यूटी डॉक्टर नहीं था। हादसे के बाद डीन पहुंचे तो कोई डॉक्टर नहीं मिला। दो घंटे बाद ड्यूटी पर महिला सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर पहुंची। कारण पूछने पर कहा कि घर पर थी। इस बीच कलेक्टर भी पहुंचे। लापरवाही सामने आने के बाद डीन ने महिला डॉक्टर को बर्खास्त कर दिया है।

**सीनियर डॉक्टर भी गिरोह में शामिल**-एमवाय अस्पताल में मरीजों को लापरवाही कर निजी अस्पताल में इलाज के लिए भेजने के लिए कई गिरोह बने हुए हैं। इन गिरोह में सीनियर डॉक्टर भी शामिल हैं। उन्हीं के संरक्षण में ड्यूटी डॉक्टर, जूनियर डॉक्टर द्वारा यह कार्य किया जाता है। अस्पताल के हड्डी रोग विभाग के डॉक्टर तो अपने ही खुद के अस्पताल में मरीजों को लापरवाही करवाकर ले जाते हैं। इसी प्रकार पेट रोग विभाग, मेडिसिन विभाग, न्यूरोसर्जरी विभाग आदि से भी मरीज बाहर जा रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार इन्हें नजरअंदाज कर देते हैं। इनके गिरोह में एंबुलेंस संचालक, स्टाफ, आउटसोर्स कंपनी के कर्मचारी भी शामिल रहते हैं। यही कारण है कि अस्पतालों में भर्ती मरीजों की संख्या लगातार कम हो रही है।

डॉ. अरविंद घनघोरिया, डीन, एमजीएम मेडिकल कॉलेज ने कहा कि एमवायएच से मरीज को लापरवाही कर निजी अस्पताल में भेजने के मामले में कार्रवाई की गई है। एक डॉक्टर का 15 दिन का वेतन काटा गया है। इसके साथ ही ड्यूटी पर मौजूद नहीं होने पर सीनियर रेजिडेंट को बर्खास्त किया गया है। मरीजों के इलाज में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# एसआईआर कार्य आगे बढ़ा, इसलिए परीक्षाएं फिलहाल तय समय पर होंगी, कई शिक्षक लौटे

## कक्षा 3 से 8 तक की परीक्षाएं 8 दिसंबर से शुरू होंगी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मतदाता वेरिफिकेशन और अपग्रेडेशन के लिए एसआईआर सर्वे चल रहा है। इसकी अंतिम तारीख को एक सप्ताह आगे बढ़ा दिया गया है। अब 11 दिसंबर तक वेरिफिकेशन हो सकेंगे। वहीं शिक्षकों की ड्यूटी सर्वे में लगी हुई है, जिसके चलते 24 नवंबर से होने वाली परीक्षा को 8 दिसंबर से किया गया है। अब सर्वे की तारीख बढ़ गई है, लेकिन परीक्षाओं की तारीख यही रहेंगी। फिलहाल इसके आगे बढ़ने की संभावना कम है। राज्य शिक्षा केंद्र की ओर से कक्षा 3 से कक्षा 8 की अर्धवार्षिक परीक्षाएं 24 नवंबर से शुरू किया जाना था, लेकिन ज्यादातर शिक्षकों की ड्यूटी एसआईआर सर्वे में होने के कारण परीक्षा को तकरीबन दो सप्ताह आगे बढ़ा दिया गया था। अब मतदाता वेरिफिकेशन के लिए हो रहे एसआईआर सर्वे को एक सप्ताह आगे दी गई है। शिक्षकों और विद्यार्थियों में बढ़ाकर 11 दिसंबर तक अंतिम तारीख कर असमंजस है कि परीक्षा समय पर होगी या नहीं। लेकिन अब यह तय हो गया है कि फिलहाल परीक्षाएं की तारीख आगे नहीं बढ़ाई जाएगी। डीपीसी संजय मिश्रा ने बताया कि अब कई जगह मतादाता सर्वे का काम पूरा होने लगा है, जिसके कारण कई शिक्षक अब उस कार्य से मुक्त हो चुके हैं और स्कूलों में पहुंच रहे हैं।

### दो पालियों में होगी परीक्षा

अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं दो पालियों में आयोजित की जाएगी। पहली पाली सुबह 10 बजे से से दोपहर 12-30 बजे तक। जिसमें कक्षा 3 वीं से 5 वीं तक की परीक्षाएं होंगी। ये 12 दिसंबर को खत्म होंगी। दूसरी पाली दोपहर 1-30 बजे से शाम चार बजे तक कक्षा 6 से 8 वीं तक की परीक्षाएं होंगी। ये 13 दिसंबर को खत्म होंगी।

### कक्षा 3 से 5 वीं, समय-सुबह 10 बजे से

8 को प्रथम भाषा हिन्दी, अंग्रेजी, उर्दू, मराठी
9 दिसंबर को गणित, दृष्टिबाधितों का संगीत
10 दिसंबर को द्वितीय भाषा अंग्रेजी, हिन्दी
11 दिसंबर को पर्यावरण अध्ययन
12 दिसंबर, अतिरिक्त भाषा उर्दू

कक्षा 6 से 8वीं, समय दोपहर 1.30 बजे से

8 दिसंबर को प्रथम भाषा
9 दिसंबर को गणित
10 दिसंबर को द्वितीय भाषा
11 दिसंबर को विज्ञान
12 को तृतीय भाषा संस्कृतए हिन्दी-उर्दू -
13 दिसंबर को सामाजिक विज्ञान

## डॉ. अम्बेडकर के महापरिनिर्माण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा एवं विचार संगोष्ठी 6 को

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● संविधान निर्माता, प्रथम कानून मंत्री, भारत रत्न, बोधिसत्व बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के. महापरिनिर्वाण दिवस 6 दिसंबर 2025 को डॉ. अम्बेडकर नगर (महू) में सुबह 11 बजे श्रद्धांजलि सभा एवं विचार संगोष्ठी का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश बसपा के स्टेट को-आर्डिनेटर मनीष आनंद होंगे।

यह जानकारी इंदौर प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में बसपा के जोन प्रभारी डॉ. रावण वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान होने वाले इस कार्यक्रम में इन्दौर, उज्जैन, भोपाल जोन के 18 जिलों के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं हजारों की संख्या में समर्थक महू में बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। उन्होने बताया कि 75 वर्ष देश की आजादी एवं 70 वर्ष संविधान लागू होने के बाद भी बहुजन समाज को उसके हक, अधिकार नहीं मिले हैं। बाबा साहेब के संविधान में दिये गये, समता, स्वतंत्रता, बंधुत्व एवं न्याय से बहुजन समाज अभी भी वंचित है क्योंकि आजादी के बाद जिन राजनैतिक दलों की सरकारें मध्यप्रदेश में रही हैं उन्होंने दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, धार्मिक अल्पसंख्यक तथा गरीब किसान, मजदूरों का केवल वोट के लिए उपयोग किया है इसलिये आज भी समाज में सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक स्तर में गैर-बराबरी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी के हजारों कार्यकर्ता बाबा साहेब के महापरिनिर्वाण दिवस 06 दिसंबर को बहन कुमारी मायावती के दिशा निर्देशों के तहत पार्टी के केडर को मजबूत करने एवं म.प्र. में बहुजन समाज पार्टी को सशक्त बनाएंगे।

# डॉक्टर की लापरवाही से महिला की मौत पर हंगामा

## नारेबाजी निजी अस्पताल का किया घेराव, पुलिस में भी की शिकायत, परिजनों से अभद्रता का लगाया आरोप

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● राजश्री अपोलो हॉस्पिटल में इलाज के दौरान हुई कथित लापरवाही से एक महिला की मौत के बाद बुधवार को अस्पताल में हंगामा हो गया। मृतका कृष्णा बाई पति राकेश शर्मा 56 वर्ष निवासी मूसाखेड़ी ब्लॉकेज के कारण राजश्री अपोलो हॉस्पिटल में डॉ. क्षितिज दुबे की देखरेख में भर्ती कराया गया था।

परिजनों का आरोप है कि इलाज में गंभीर लापरवाही बरती गई, जिसके चलते 4 दिसंबर की सुबह उनकी मृत्यु हो गई। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि इलाज के दौरान डॉक्टरों और स्टाफ का व्यवहार बेहद आपत्तिजनक रहा तथा कई बार मरीज के परिजनों के साथ दुर्व्यवहार किया गया। इससे परिवारजन आहत और नाराज़ हैं। यही नहीं डॉ क्षितिज दुबे द्वारा मृतका पुत्र व्योम शर्मा को हॉस्पिटल से धक्का देकर निकाला गया।



### अस्पताल प्रबंधन ने जमा रुपया लौटाया

इस मामले की पीड़ित परिवार ने दलित नेता मनोज परमार से संपर्क कर उपरोक्त घटना की जानकारी दी। घटना की सूचना मिलते ही अखिल भारतीय बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दलित नेता मनोज परमार अस्पताल पहुंचे और हॉस्पिटल का घेराव प्रदर्शन कर कड़ी कार्रवाई की मांग की। परमार ने हॉस्पिटल प्रबंधक एवं पुलिस अधिकारियों से कहा-कि डॉ. क्षितिज दुबे पर मुकदमा दर्ज कर पीड़ित परिवार को उचित आर्थिक मुआवजा दिया जाए, ताकि न्याय मिल सके। दलित नेता साथी कार्यकर्ताओं को लेकर थाना विजय नगर पहुंचे और थाना प्रभारी मीना बोरासी को डॉ क्षितिज दुबे के खिलाफ आवेदन दिया, साथ ही कड़ी कार्यवाही की मांग की।

### पैसा वापस करवाया

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उचित कार्रवाई नहीं की गई तो संपूर्ण दलित-समाज सड़क पर उतरकर चक्काजाम और उग्र आंदोलन करेगा। हंगामे और प्रदर्शन के बाद अस्पताल प्रबंधन ने मृतक परिवार द्वारा जमा किया गया पूर्ण पैसा वापस पीडित परिवार को दे दिया गया।

# 12 से 14 दिसंबर तक आयोजित होगा भव्य जैविक महोत्सव

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● स्वस्थ तन, समृद्ध किसान और आत्मनिर्भर भारत के ध्येय को केन्द्र में रखते हुए इंदौर में 12, 13 एवं 14 दिसंबर को भव्य जैविक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह तीन दिवसीय जैविक मेला इंदौर के ग्रामीण हाट बाजार, ढक्कनवाला कुआं में आयोजित होगा। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में आयोजित इस महोत्सव में जैविक एवं प्राकृतिक खेती से जुड़े उत्पादों का सीधा विक्रय एवं प्रदर्शन किसानों द्वारा किया जाएगा, जिससे उत्पादकों और उपभोक्ताओं के बीच प्रत्यक्ष संवाद स्थापित होगा। यह मेला आत्मा परियोजना, किसान कल्याण एवं कृषि विभाग, तथा मां रेणुका फूड्स, आनंदम ऑर्गेनिक और शगुन नैचुरल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रयास का उद्देश्य है कि इंदौर स्वच्छता के साथ-साथ स्वस्थता के क्षेत्र में भी देश में अग्रणी बने। मेला चार आकर्षक भागों में विभाजित रहेगा। मेले का पहला भाग मिलेट्स (श्री अन्न) प्रदर्शनी आधारित होगा। इस प्रदर्शनी में कोदो, कुटकी, कंगनी, रागी, सामा जैसे समृद्ध पोषक तत्वों वाले पारंपरिक अनाज प्रदर्शित किए जाएंगे। नागरिकों को श्री अन्न के महत्व, उपयोग और स्वास्थ्य लाभों के बारे में जानकारी दी जाएगी। इनका विक्रय भी किया जायेगा। मेले का दूसरा भाग तिलहन प्रदर्शनी का होगा। यह तिलहन और स्वास्थ्य का संगम रहेगा। इस खंड में सरसों, तिल्ली, मूंगफली, अलसी, सूरजमुखी जैसे तिलहनों से घानी द्वारा निकाले गए शुद्ध तेल उपलब्ध रहेंगे। आगंतुकों को शुद्ध स्वदेशी तेलों के गुण, उनकी उपयोगिता एवं स्वास्थ्य लाभों के बारे में बताया जाएगा।

तीसरा ज्ञान सत्र होगा। इस सत्र में विशेषज्ञों द्वारा स्वदेशी तेलों के स्वास्थ्य लाभ, तिलहन खेती एवं प्रसंस्करण, मिलेट्स आधारित नवाचार, प्राकृतिक और जैविक खेती तकनीक आदि पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। किसानों के लिए यह सत्र विशेष रूप से उपयोगी रहेगा।



## प्रांशु होलकर ने महाराजा के जीवन पर प्रकाश डाला

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● भारतीय स्वतंत्रता सूर्य महानायक महाराजधिराज राजराजेश्वर अलीजा बहादुर होलकर कुलभूषण श्रीमंत महाराजा यशवंतराव होलकर प्रथम की 249 वीं जयंती उत्सव भव्य आतिशबाजी से बनाया गया। संस्था पुण्यश्लोक के सचिव लक्ष्मण दातीर ने बताया कि महाराजा की प्रतिमा स्थल कनाडिया रोड़ पर 249 दीपकों को प्रज्वलीत कर उनके पराक्रम को प्रतिकात्मक रूप रोशन कर और भव्य आतिशबाजी से शौर्य की आवाज बुलंद किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक अधिकारी व विशेष अतिथि के रुप में परीणय सुत्र के मंडल के अध्यक्ष सुनिल लाहुरे व वीर सावरकर मंडल के महामंत्री सतीश लांभाते और युवा नेता पियुष गावड़े की गरिमामय उपस्थिति में हुआ।

## हंसदास मठ पर दत्त जयंती के उपलक्ष्य में पूजन, अभिषेक एवं महाआरती संपन्न

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● एयरपोर्ट रोड पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ पर दत्त जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में भगवान दत्तात्रेय की प्रतिमा पर पूजा, अभिषेक एवं भोग का आयोजन महामंडलेश्वर स्वामी रामचरणदास महाराज एवं महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज के सानिध्य में किया गया। इस अवसर पर हंसदास संस्कृत विद्यापीठ के बटुकों ने दत्त मंदिर में आकर्षक श्रृंगार एवं अभिषेक पूजन तथा महाआरती में अपनी उत्साहपूर्ण भागीदारी दर्ज कराई।

## खजराना में आग के बाद जिला प्रशासन की कार्रवाई

# निजी कृषि भूमि पर बने 20 टीन शेड ढहाए, ज्वलनशील सामग्री जब्त कर नष्ट किया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर के खजराना क्षेत्र में बुधवार शाम गोदाम में आग लगने की घटना के बाद गुरुवार सुबह प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की। निजी कृषि भूमि पर कई व्यवसायियों द्वारा अवैध रूप से टीन शेड बनाकर कारोबार चलाया जा रहा था। प्रशासनिक निरीक्षण में यहां ज्वलनशील रासायनिक पदार्थ भी मिले, जिन्हें नष्ट किया जाएगा।

कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि यहां मौजूद सभी दुकानें अवैध थीं और नियमों का पालन नहीं किया जा रहा था। आग के बाद पूरे मामले की विस्तृत जांच के निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम प्रदीप सोनी ने कहा कि घटना के बाद तत्काल इलाके को सील कर दिया गया था। रहवासी क्षेत्र के बीच निजी कृषि भूमि पर 18 से 20 टीन शेड अवैध रूप से निर्माण कर उपयोग किए जा रहे थे।



### लैंड यूज परिवर्तन नहीं कराया

सोनी ने बताया कि भूमि राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार यह भूमि सलीम पिता अनार के नाम दर्ज है। बिना लैंड यूज परिवर्तन और बिल्डिंग परमिशन लिए स्ट्रक्चर खड़े किए जाने पर सलीम के खिलाफ एक्सप्लोसिव एक्ट के तहत कार्रवाई होगी। नोटिस जारी कर उनसे पूछताछ भी की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि अवैध निर्माण और खतरनाक सामग्री रखने पर शहर में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### ज्वलनशील रसायन मिले

बुधवार रात पायरो उत्पाद बनाने वाले शेड में आग लगी थी। निरीक्षण में कई स्थानों पर अत्यंत ज्वलनशील रसायन मिले, जिनका संभावित उपयोग पायरो निर्माण में किया जाता था। प्रशासन, पुलिस, नगर निगम, इंडस्ट्रियल हेल्थ और प्रदूषण विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर विस्तृत जांच की। जब्त सामग्री के भंडारण के लिए किसी भी प्रकार की अनुमति नहीं ली गई थी।



## गीता सप्ताह में महामंडलेश्वर दादू महाराज का राष्ट्रीय सम्मान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● गीता सप्ताह एवं दत्त जयंती के उपलक्ष्य में गुरुवार को आयोजित एक गरिमामय आयोजन में महामंडलेश्वर श्री दादू महाराज का अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी राहुल गांधी सद्भावना मंच द्वारा राष्ट्रीय सम्मान किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक नालिया तथा राष्ट्रीय समन्वयक दीपक मलोरिया (रानू) ने किया। इंदौर के उषा नगर एक्सटेंशन स्थित गजासीन शनि धाम पर आयोजन के दौरान महामंडलेश्वर दादू महाराज को शाल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने इसे गीता जयंती सप्ताह का विशेष क्षण बताते हुए इसे सौभाग्यपूर्ण अवसर कहा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सत्यशोधक समाज एवं ओबीसी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष तथा अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के पूर्व प्रदेश महासचिव सर्वश्री सदाशिव यादव काका, सत्यशोधक समाज अंतर्राष्ट्रीय के राष्ट्रीय प्रभारी हुकुमचंद जादम सैनी, वरिष्ठ समाजसेवी राजाराम बोसी, विकास जोशी, गिरीश चितले, अभिषेक मित्तल, रीना रामलाल सूर्यवंशी, आशीष गर्ग, प्रकाश महावर, विजय नाथ, मोनिक मालवीय, राजेश यादव, विजय मेहरा, युसूफ खान और सनी राजपाल उपस्थित थे..इस अवसर पर महामंडलेश्वर दादू महाराज ने देश, प्रदेश और इंदौर शहर की खुशहाली एवं समृद्धि के लिए आशीर्वचन प्रदान किए। उपस्थित पदाधिकारियों एवं समाजसेवियो ने गुरु महाराज को शाल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर स्वयं को गौरवान्वित महसूस किया।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत
इंदौर, शुक्रवार 05 दिसंबर 2025

न्यूज ब्रीफ

## स्वामी रामदयाल महाराज बोले-जागरूक नहीं हुए तो सनातन संस्कृति खतरे में

**इंदौर** ●बिजासन रोड स्थित अविनाशी अखंड धाम आश्रम पर गुरुवार को 58वें अ.भा. अखंड वेदांत संत सम्मेलन का शुभारंभ देश के दो प्रमुख जगदगुरुओं की गर्जना के साथ हुआ। इनमें पहले भानपुरा पीठ के जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ ने जहाँ भारत माता की रक्षा के लिए समूचे समाज को एकसूत्र में बंधकर आतंकवादियों और विधर्मी ताकतों को ठिकाने लगाने का आह्वान किया वहीं अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के जगदगुरू आचार्य स्वामी रामदयाल महाराज ने कहा कि यदि समय रहते हम जागरूक नहीं हुए तो हमारी सनातन संस्कृति खतरे में पड़ जाएगी। वेदांत संत सम्मलेन भारतीय धर्म और संस्कृति के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पुरुषार्थ है। हमारी सामाजिक विकृतियों को समाप्त कर युवा पौध को संस्कृति का पाठ पढ़ाना ही हमारा लक्ष्य होना चाहिए।

## 22 दिसंबर को एचटीसी एनुअल अवॉर्ड सेरेमनी होगी

**खंडवा** ●निमाड़ ताइक्वांडो क्लब द्वारा 22 दिसंबर को एचटीसी एनुअल अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश के ताइक्वांडो में विक्रम अवार्ड, एकलव्य अवॉर्ड प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय प्लेयर अतुल जाट रहेंगे। इस आयोजन में जो भी खिलाड़ी डिविजनल, राज्य स्तरीय, राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में क्लब की ओर से शामिल हुए और पदक हासिल किए हैं, ऐसे खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। ताइक्वांडो बेल्ट प्रमोशन और अलग-अलग समूह द्वारा ताइक्वांडो प्रदर्शन किया जाएगा। यह जानकारी निमाड़ ताइक्वांडो क्लब के सचिव भगवान दास सुंगत ने दी।

# सडक निर्माण के टेंडर दबाकर परियोजनाओं को कर रहे प्रभावित

**भोपाल (एजेंसी)** ● मप्र में सरकार का फोकस सड़कों का जाल बिछाने पर है। लेकिन सरकार की मंशा पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारी ही पानी फेर रहे हैं। खासकर सडक़ निर्माण के कार्यों का प्रभावित किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सडक़ निर्माण की किसी योजना का टेंडर होता है तो अधिकारी उसे अपने पास दबाकर रख लेते हैं। इसका असर यह होता है कि सडक़ निर्माण की योजना में या तो देरी हो जाती है या अधर में लटक जाती है।

दरअसल, जानकारों का कहना है कि अपने आपको वजनदार मानने वाले ये अधिकारी मुख्यमंत्री और विभागीय मंत्री की प्राथमिकता वाले कार्यों को भी महत्व नहीं दे रहे हैं। इन अधिकारियों में प्रभारी मुख्य अभियंता संजय मस्के का नाम भी शामिल हैं, जिन्हें तीन अन्य चीफ इंजीनियरों के साथ राज्य शासन ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। गौरतलब है कि कुछ समय पहले अलग-अलग क्षेत्रों में सडक़ ब्रिज से जुड़े कार्यों को लेकर टेंडर खोले गए थे। इन कार्यों की फाइनेंसियल बिड खुल जाने के बाद भी अधिकारियों द्वारा निर्धारित समय में एप्रूअल नहीं दिया गया। जानकारों की मानें तो लंबे समय से पदोन्नति नहीं होने की वजह से मुख्य अभियंता के पद रिक्त है। ऐसे में राज्य शासन ने इन पदों पर अधीक्षण यंत्रियों को बतौर प्रभारी पदस्थ किया है। कहा जा रहा है कि इनमें से कुछ अधिकारी अपनी ऊपरी पहुंच के चलते अपने हिसाब से अपनी पोस्टिंग कराते रहते हैं। कई बार इनमें से कुछ अधिकारियों से जुड़े मामले सामने भी आए है, लेकिन न तो उन पर विभाग द्वारा कोई किसी भी तरह का संज्ञान लिया जाता है।



### विभागीय समीक्षा से खुली पोल

पिछले दिनों विभागीय मंत्री राकेश सिंह ने टेंडर कमेटी की बैठक ली, जिसमें यह बात सामने आई कि मुख्य अभियंताओं ने ऑनलाइन बिड निर्धारित समय पर खुलने के बाद भी स्वीकृति के लिए राज्य शासन को भेजने में बेवजह विलंब किया। इस पर मंत्री राकेश सिंह ने नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को नोटिस भेजकर कारण पूछने के निर्देश दिए। बताया गया है कि जिन अधिकारियों को नोटिस भेजा गया है उनमें भोपाल के मुख्य अभियंता संजय मस्के, राष्ट्रीय राजमार्ग के मुख्य अभियंता आनंद राणे, ग्वालियर के सीई व्ही के झा और जबलपुर – रीवा के मुख्य अभियंता आरएल वर्मा शामिल है। विभागीय सूत्रों की मानें तो संजय मस्के पर आरोप है कि उनके द्वारा निविदा क्रमांक 431509 की बिड खुलने के बाद भी उसकी स्वीकृति लेने के लिए राज्य शासन पर दो माह से भी ज्यादा का समय लिया।

# युगों-युगों से भारतीय समाज को एकसूत्र में बाँधने वाली दिव्य कथा है हमारी श्रीराम कथा - शांतनु महाराज

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● राम कथा असंत को संत और असुर को सुर बनाने के मार्ग पर प्रवृत्त करने वाली कथा है। माता-पिता के सम्मान से लेकर एक आदर्श परिवार को कैसे निभाया और संभाला जाता है, यह राम कथा से सीखना होगा। प्रभु श्रीराम के दिव्य व्यक्तित्व में कहीं भी कोई अवगुण नहीं मिलता और यही कारण है कि उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा गया है। सचमुच राम कथा वह दिव्य कथा है जो भारतीय समाज को युगों-युगों से एक सूत्र में बांधे हुए है। भगवान शिव और पार्वती भी प्रभु श्रीराम के विराट और अनुपम सद्गुणों के प्रशंसक हैं। भारतीय समाज में प्रभु श्रीराम का नाम इतना रचा बसा हुआ है कि उससे अलग हटकर हम अपने घर, परिवार, समाज और राष्ट्र की कल्पना भी नहीं कर सकते। गुणों को संभालकर मानव से महामानव बनाने की कथा है श्रीराम कथा। अयोध्या से आए विश्व विख्यात मानस मर्मज्ञ आचार्य



शांतनु महाराज ने गुरुवार को दशहरा मैदान स्थित रामायण वाटिका पर छवि सोशल वेलफेयर सोसायटी एवं श्री अग्रवाल समाज इंदौर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित श्रीराम शौर्य कथा के तीसरे दिन उपस्थित भक्तों के सैलाब को संबोधित करते हुए उक्त दिव्य विचार व्यक्त किए। कथा शुभारंभ प्रसंग पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं श्रीमती जूही भार्गव के साथ आयोजन समिति की ओर से गोपाल गोयल, किशोर गोयल, संजय बांकडा, संदीप गोयल, गोविंद मोरनी, शिव जिंदल, कुणाल अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिकों ने व्यास पीठ का पूजन किया। कथा स्थल पर गुजरात के कलाकारों द्वारा 1.51 रुद्राक्ष से निर्मित 13 फीट ऊँचे शिवलिंग के जलाभिषेक के लिए आज भी सुबह से भक्तों की कतारे लगी रही। देर शाम तक 3 हजार से अधिक भक्तों ने शिवजी के जलाभिषेक का पुण्यलाभ उठाया। कथामृत वर्षा - आचार्य शांतनु महाराज ने शिव-पार्वती के श्रीमुख से भगवान के जन्म प्रसंग की कथा सुनाते हुए कहा कि जो व्यक्ति भजन के लिए स्वार्थी बन जाता है।

# इन्दौर से राजस्थान तक श्री श्याम निशान पदयात्रा 6 दिसंबर से

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● श्री सांवरा सलोना सेवा परिवार द्वारा श्री श्याम निशान पदयात्रा 6 दिसंबर से खाटूश्याम मंदिर तीन पुलिया परदेशीपुरा से शुरू होगी, जो खाटूधाम मंदिर राजस्थान तक जायेगी। इस यात्रा का यह चतुर्थ वर्ष है। मां अहिल्या की नगरी से खाटूश्याम धाम तक इस यात्रा में पावन सानिध्य परम पूज्य पंडित आशीष शर्मा मुख्य पुजारी श्याम मंदिर मल्हारगढ़ का रहेगा। इस यात्रा में इन्दौर व आसपास के श्याम प्रेमी शामिल होंगे। यात्रा का संचालन युवा भजन गायक महेंद्र पाटिल करेंगे, जिसमें मुख्य रूप से दीपिका महेन्द्र पाटिल, सूरज बागवशी ,मोहित, निर्मल, कृष्णा अग्रवाल, जगदीश गुर्जर, राजेश तिवारी, मनोज जोशी, संदीप और अन्य साथीगण व श्याम भक्त शामिल होंगे। यहां जानकारी श्याम भजन गाने वाले युवा गायक गायक व स्वतंत्र लेखक हरिहर सिंह चौहान ने प्रेस विज्ञप्ति में संयुक्त रुप से दी है।



## पश्चिम मप्र के 1.35 लाख बिजली उपभोक्ता लाभान्वित

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि राज्य शासन की बकाया बिजली बिलों के लिए विशेष रूप से लागू समाधान योजना का प्रभावी क्रियान्वयन कर प्रतिदिन हजारों उपभोक्ताओं को लाभान्वित किया जा रहा है। अब तक 1 लाख 35 हजार से ज्यादा उपभोक्ताओ को 4 करोड़ 24 लाख रूपए की छूट दी जा चुकी है। इन उपभोक्ताओं से कंपनी को 41 करोड़ 55 लाख रूपए से ज्यादा की राशि प्राप्त हुई हैं। कंपनी प्रबंधन ने बकायादार बिजली उपभोक्ताओं से समाधान योजना का लाभ लेने की अपील की है।

## बिजली कार्मिकों का नि:शुल्क बीमा होगा

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन मे कार्मिकों की भलाई के लिए विभिन्न कार्य , गतिविधियों को संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में भारतीय स्टेट बैंक ने वेतन खातों से संबंधित नि:शुल्क टर्म इंशुरेंस व अन्य सुविधाओं को लेकर मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान से भेंटकर प्रस्ताव, योजनाओं की जानकारी दी। जल्दी ही इनका लाभ पश्चिम क्षेत्र कंपनी के हजारों कार्मिकों को नि:शुल्क मिलेगा। इस अवसर पर संयुक्त सचिव संजय मालवीय भी उपस्थित थे।

## माँ अन्नपूर्णा के प्राकट्य उत्सव पर किया अभिषेक एवं बरकती सिक्कों का वितरण

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● पश्चिम क्षेत्र स्थित अन्नपूर्णा मंदिर पर गुरुवार को सुबह माँ अन्नपूर्णा का प्राकट्य महोत्सव आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि के सानिध्य में अभिषेक एवं सहस्त्रार्चन के साथ सौल्लास संपन्न हुआ। मंदिर के संचालक स्वामी जयेंद्रानंद गिरि ने बताया कि इस अवसर पर मंदिर के न्यासी मंडल की ओर से समाजसेवी विनोद अग्रवाल, टीकमचंद गर्ग, पवन सिंघानिया मोयरा, श्याम सिंघल, सत्यनारायण शर्मा एवं सुनील गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा अर्चना कर माँ को 56 भोग समर्पित किए। मान्यता है कि पूर्णिमा के दिन माँ पार्वती के अन्नपूर्णा स्वरुप के



अवतरण को प्राकट्य उत्सव के रूप में मनाया जाता है। इसी दिन माँ पार्वती ने अन्नपूर्णा का रूप धारण किया था। माँ अन्नपूर्णा की आराधना करने से उनकी कृपा से घर में अन्न की कमी नहीं होती। अन्नपूर्णा आश्रम भक्त मंडल की ओर से गुरुवार को सुबह अभिषेक पूजन के पश्चात भक्तों को अभिमंत्रित बरकती सिक्कों का वितरण भी किया गया।

## राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो पदयात्रा' के अविस्मरणीय पल प्रियंका के पास पहुंचे

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● भारत देश के इतिहास में राहुल गांधी जी की 'भारत जोड़ो यात्रा' की शुरुआत 7 सितंबर 2022 को कन्याकुमारी से शुरू हुई थी। इस यात्रा में लगभग 3,570 किलोमीटर की दूरी तय की गई थी। इसका समापन 29 जनवरी 2023, श्रीनगर, जम्मू और कश्मीर में हुआ था। यह यात्रा 12 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों से गुजरी थी। यह पदयात्रा एक आमूलचूक परिवर्तन की ओर अग्रसर हुई थी। यह महज यात्रा ना होकर सभी जाति और धर्म के लोगों के आपसी प्रेम एवं एकरूपता में बांधने के लिए एक बेहतर प्रयास थे। वही



राहुल गाँधी जी के लोकप्रिय और न्याय प्रिय नारा 'नफरत के बाजार में मुहब्बत की दुकान खोलने आया हूं' इसने जो जन - जन में एक जागृति उत्पन्न की है, वही इसने हमारी संस्कृति को भी एक माला में पिरोया है।

## जैन मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में कांधे पर पालकियों में विराजित प्रतिमाओं को लेकर नाचते-गाते चले समाजबंधु




दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ●द्वारकापुरी स्थित शीतलनाथ जैन मंदिर पर भगवान शंखेश्वर पार्श्वनाथ, नाकोड़ा भैरव देव, भौमियाजी एवं मालवा विभूषण आचार्य वीररत्न सूरीश्वर म.सा. की दिव्य प्रतिमाओं का वरघोडा गुरुवार सुबह फूटी कोठी चौराहा स्थित बालाजी गार्डन से पूरे जोश, उमंग और उल्लास के साथ भगवान के जयघोष एवं नाचते-गाते समाज बंधुओं के अभूतपूर्व उत्साह के बीच गुमास्ता नगर होते हुए जब द्वारकापुरी स्थित मंदिर पहुंचा तो समूचा क्षेत्र भगवान एवं जैनाचार्यों के जयघोष से गूंज उठा। द्वारकापुरी क्षेत्र में पहली बार डेढ़ किलोमीटर लम्बा भव्य जुलूस निकला जिसमें 7 से लेकर 70 वर्ष तक के समाजबन्धु शामिल हुए। जैनाचार्य प.पू. आचार्य श्रीमद विजय पद्मभूषणरत्न सूरीश्वर, आचार्य श्रीमद विजय जिन सुंदर सूरीश्वर, आचार्य श्रीमद विजय धर्मबोधि सूरीश्वर म.सा. के साथ 50 से अधिक साधु-साध्वी-भगवंतों का संघ भी इस भव्य वरघोडे में शामिल रहा।

## अपने कर्मों को सदकर्मों में बदलने की प्रेरणा और ऊर्जा देती है गीता

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ●आज सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति को मजबूत बनाने की जरूरत है। गीता जयंती महोत्सव जैसे आयोजन हमारी नई पीढ़ी को चेतना और ऊर्जा प्रदान करते हैं। ज्ञान, कर्म और भक्ति का जो अदभुत समन्वय भगवान की अमृतवाणी से प्रकट हुआ है वह सचमुच हम सबके लिए कल्याणकारी है, अर्जुन तो केवल निमित्त था। हम सबके जीवन से सभी तरह के मोह नष्ट हों और हम अपने जीवन में श्रद्धा के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करते रहे, यही हम सबका परम लक्ष्य होना चाहिए। अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के आचार्य जगदगुरू स्वामी रामदयाल महाराज ने गुरुवार को गीता भवन में गत 28 नवंबर से चल रहे 68वें अ.भा. गीता जयंती महोत्सव के विश्राम समारोह में अध्यक्षीय उदबोधन देते हुए उक्त प्रेरक बातें कहीं। इसके पूर्व जगद्गुरु स्वामी रामदयाल महाराज के सानिध्य में आचार्य पंडित कल्याण दत्त शास्त्री के निर्देशन में चल रहे 7 दिवसीय विष्णु महायज्ञ की पूर्णाहुति भी यज्ञनारायण के जयघोष के बीच सम्पन्न हुई। धर्मसभा में भदौही से आए पं. पीयूष महाराज, हरिद्वार से आए स्वामी सर्वेश चेतन्य, नैमिषारन्य से आए स्वामी पुरुषोत्तमानंद सरस्वती, गोधरा से आई साध्वी परमानंदा सरस्वती, गोंडा से आए पं. प्रहलाद मिश्र रामायणी, वाराणसी से आए स्वामी कृष्णानंद गिरि एवं अयोध्या से आई दीदी माँ मानस मंदाकिनी ने भी अपने प्रवचनों में गीता एवं अन्य धर्म ग्रन्थों की महत्ता और प्रासंगिकता बताई।



**इंदौर** ● आज विवेकानंद केंद्र इन्दौर शाखा द्वार महिला क्रिकेट टूर्नामेंट,लेधर बोल, जीएसआइएमआर एमआर10 के मैदान पर आयोजित किया जा रहा हे,जसमें 10 टिमे भाग ले रही हे।उसके उद्धाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में युवा खिलाडियों से मुलाकात का ओर बातचीत का शुअवसर प्राप्त हुआ। अतुल शेठ।

सांध्य दैनिक इंदौर संकेत

आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ




डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता

5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर, गुरुद्वारे के सामने, इंदौर

संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

## सम्पादकीय

### दुनिया के प्रमुख देशों की मुद्रा की तुलना में कमजोर होता चला गया रुपया, गिरावट का सिलसिला जारी

अमेरिकी शुल्क की घोषणा के बाद से विदेशी निवेश का प्रवाह कम हुआ है और इसका असर घरेलू शेयर बाजार भी पड़ा है। मगर ऐसा लगता है कि सरकार इस स्थिति को शायद गंभीरता से नहीं ले रही है। पिछले कई दिनों से घरेलू शेयर बाजार में अनिश्चितता, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर असमंजस के बीच भारतीय मुद्रा भी कमजोर हो रही है। रुपया बुधवार को पच्चीस पैसे टूट कर 90.21 प्रति डालर के सर्वकालिक निचले स्तर पर आ गया। पिछले पांच दिनों से यह गिरावट देखी जा रही है। सवाल है कि डालर के मुकाबले भारतीय मुद्रा का मूल्य क्यों गिरता जा रहा है? यह निराशाजनक है कि दुनिया के प्रमुख देशों की मुद्रा की तुलना में रुपया कमजोर होता चला गया है। इसकी बड़ी वजह डालर की बढ़ती मांग के साथ विदेशी निवेशकों की शेयर बाजार से मुनाफावसूली भी मानी जा रही है। इसके अलावा इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि भारत पर अमेरिकी शुल्क लगाने का भी रुपए पर प्रतिकूल असर पड़ा है। मगर सवाल है कि भारतीय रिजर्व बैंक रुपए को संभालने के लिए ठोस एवं प्रभावी कदम क्यों नहीं उठा पा रहा है? इसमें कोई दोराय नहीं है कि अमेरिकी शुल्क की घोषणा के बाद से विदेशी निवेश का प्रवाह कम हुआ है और इसका असर घरेलू शेयर बाजार भी पड़ा है। मगर ऐसा लगता है कि सरकार इस स्थिति को शायद गंभीरता से नहीं ले रही है। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन का मानना है कि भारतीय मुद्रा में गिरावट चिंता का विषय नहीं है, क्योंकि इसका महंगाई या निर्यात पर कोई असर नहीं पड़ने जा रहा। उन्होंने अगले वर्ष की शुरूआत में डालर के मुकाबले रुपए में सुधार की उम्मीद जताई है। मगर अभी जिस हिसाब से भारतीय मुद्रा में गिरावट का सिलसिला जारी है, उसमें कितना और कैसे सुधार होगा, फिलहाल इसकी कोई साफ तस्वीर नजर नहीं आ रही है। बाजार में नरमी के बीच निवेशकों की जो आशंकाएं है, उन्हें कौन दूर करेगा? जाहिर है कि इस सूरत में रिजर्व बैंक को रुपए के समर्थन में मजबूती से हस्तक्षेप करना होगा। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता होने के बाद भी रुपए में गिरावट थमेगी या नहीं, यह कहना अभी मुश्किल है। रुपया और कमजोर न हो, इसके लिए अब सभी स्तरों पर कदम उठाने की जरूरत है।

## पुतिन की भारत यात्रा - वैश्विक शक्ति- समीकरण के केंद्र में भारत-रूस की नई साझेदारी

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की 23 वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन है, 4-5 दिसंबर 2025 क़ी भारत यात्रा न केवल दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि बदलते वैश्विक शक्ति-संतुलन के संदर्भ में भी अत्यंत निर्णायक मानी जा रही है। वर्ष 2022 में यूक्रेन संघर्ष आरंभ होने के बाद यह पुतिन की पहली भारत यात्रा है, इसलिए पूरी दुनियाँ की निगाहें इस मुलाकात पर टिकी हैं। भारत और रूस के ऐतिहासिक, रणनीतिक और सांस्कृतिक संबंध दशकों से अटूट रहे हैं, किंतु इस बार की यात्रा कई नए आयाम खोलने वाली मानी जा रही है जो 21वीं सदी के भू- राजनीतिक ढांचे को गहराई से प्रभावित कर सकते हैं। भारत और रूस के संबंध सदैव समानता,सम्मान और पारस्परिक विश्वास पर आधारित रहे हैं। सामरिक हथियारों,ऊर्जा आपूर्ति,अंतरिक्ष तकनीक नागरिक परमाणु सहयोग तथा रक्षा उत्पादन में दोनों देशों की साझेदारी दुनिया के बड़े रणनीतिक गठबंधनों की तुलना में कहीं अधिक स्थिर और दीर्घकालिक साबित हुई है। पुतिन की इस यात्रा का एक प्रमुख उद्देश्य इन साझेदारियों को आधुनिक वैश्विक परिस्थितियों के अनुरूप पुनर्गठित करना तथा आने वाले दशकों के लिएव्यापक सहयोग का नया मार्ग तैयार करना है।विशेषकर ऊर्जा सुरक्षा, आर्कटिक सहयोग,समुद्री संपर्क, डिजिटल मुद्रा-प्रणाली और रक्षा नवाचारों में दोनों देशों के बीच अत्यंत महत्वपूर्ण वार्ताएँ होने की संभावना है।आज जब अंतरराष्ट्रीय राजनीति बहुध्रुवीय संरचना की ओर तेजी से बढ़ रही है,भारत और रूस दोनों ही इस नए वैश्विक क्रम में अपनी स्वतंत्र विदेश नीति और रणनीतिक स्वायत्तता को सर्वाधिक महत्व देते हैं।भारत एक ओर अमेरिका, यूरोपीय संघ और क़्वाड देशों के साथ सहयोग बढ़ा रहा है,वहीं दूसरी ओर रूस उसके सबसे विश्वसनीय रणनीतिक साझेदारों में बना हुआ है। इसी कारण पुतिन की यह यात्रा भारत के मल्टी-अलाइनमेंट दृष्टिकोण को और अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह यात्रा यह भी दर्शाती है कि भारत वैश्विक कूटनीति के भीतर एक सेतु-राष्ट्र के रूप में उभर रहा है, जो पूर्व और पश्चिम दोनों के साथ संतुलित संबंध बनाए रखने में सक्षम है।यूक्रेन संघर्ष के बाद रूस पर पश्चिमी देशों द्वारा लगाए गए व्यापक आर्थिक प्रतिबंधों ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार- व्यवस्था को बदल दिया है। ऐसे समय में भारत की भूमिका रूस के लिए अत्यधिक महत्व की हो गई है। ऊर्जा आपूर्ति, वैकल्पिक भुगतान-प्रणाली, समुद्री मार्गों के विकास और वैश्विक दक्षिण के देशों के साथ संवाद में भारत रूस का प्रमुख सहयोगी बनकर उभरा है। पुतिन की यात्रा इस सहयोग





को एक नई संस्थागत मजबूती देने का अवसर प्रदान करती है। विशेषकर रुपए-रूबल व्यापार,अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे और सुदूर-पूर्व रूस में भारतीय निवेश जैसे मुद्दे इस यात्रा के केंद्र में रहने की संभावना रखते हैं।

साथियों बात अगर हम रूस के राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा को समझने की करें तो,पुतिन की यह राजकीय यात्रा कई मायनों में खास होगी,यह भारत और रूस, दोनों के नेतृत्व को अपने द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति की समीक्षा करने,विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए दृष्टिकोण निर्धारित करने और आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करने का अवसर प्रदान करेगीमॉस्को से मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, रूस और भारत अपनी राष्ट्रीय भुगतान प्रणालियों (नेशनल पेमेंट सिस्टम) को जोड़ने के इच्छुक हैं और दिसंबर में जब राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन नई दिल्ली का दौरा करेंगे तो यह विषय एजेंडे में सबसे ऊपर होगा। भारत और रूस के बीच पुराने और मजबूत संबंध दुनियाँ जानती है, लेकिन इस बार हालात पहले जैसे नहीं हैं। यूक्रेन युद्ध, बदलती वैश्विक राजनीति, डिफेंस डील्स और भारत की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय भूमिका-इन सबके बीच रूस के प्रेसिडेंट व्लादिमीर पुतिन का भारत दौरा काफी महत्वपूर्ण सटीक मायने रखता है।

साथियों बात अगर हम रूस के राष्ट्रपति पुतिन की यात्रा की विशेषता का विश्लेषण करें तो, यह यात्रा कई दृष्टियों से ऐतिहासिक है। यह 23वाँ भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन है,जो इस दीर्घकालिक साझेदारी की निरंतरता का प्रतीक है। यूक्रेन संघर्ष के बाद पुतिन का भारत आना यह भी दर्शाता है कि रूस भारत को एक विश्वसनीय,तटस्थ और प्रभावशाली साझेदार के रूप में देखता है। इस यात्रा का प्रमुख उद्देश्य विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को आधुनिक वैश्विक आवश्यकताओं के अनुरूप पुनर्जीवित करना है। बदलते आर्थिक तंत्र, तकनीकी प्रगति, ऊर्जा सुरक्षा,रक्षा आधुनिकीकरण और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था कीवास्तविकताओं को देखते हुए दोनों देशों के लिए यह बैठक नई संभावनाओं और नए समझौतों का मार्ग खोल सकती है। (1) रक्षा सहयोग-रणनीतिक सुरक्षा की धुरीपुतिन -मोदी वार्ता में रक्षा सहयोग मुख्य केंद्र में रहने की संभावना है। भारत अपनी वायु रक्षा संरचना को सुदृढ़ करने के लिए रूस से अतिरिक्त एस-400 वायु-रक्षा रेजिमेंट प्राप्त करने पर विचार कर सकता है। साथ ही, लड़ाकू विमानों,मिसाइल प्रणालियों हेलीकॉप्टरों और उन्नत सैन्य तकनीकों के संयुक्त उत्पादन पर गंभीर विमर्श संभावित है। भारत लंबे समय से रक्षा क्षेत्र में तकनीकी हस्तांतरण और स्थानीय निर्माण क्षमता को बढ़ावा देना चाहता है, और रूस इस दिशा में एक प्रमुख साझेदार बना रह सकता है। पुराने रक्षा प्लेटफार्मों जैसे सु-30एम क़ेआई के उन्नयन, भविष्य की प्रणालियों जैसे एस-500 तथा अन्य उन्नत एंटी-मिसाइल प्रणालियों पर भी चर्चा संभव है। यह सहयोग भारत की सामरिक स्वायत्तता के लिए अनिवार्य है।(2)आर्थिक, ऊर्जा और औद्योगिक साझेदारी- इस यात्रा के आर्थिक आयाम अत्यंत व्यापक हैं। दोनों देश एक व्यापक 2030 रणनीतिक आर्थिक रोडमैप को अंतिम रूप दे सकते हैं,जिसमें ऊर्जा, प्रौद्योगिकी अंतरिक्ष, कृषि, खनन और औद्योगिक सहयोग शामिल हो सकते हैं। रूस भारत को कच्चे तेल, एलएनजी, कोयला तथा परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में दीर्घकालीन प्रस्ताव दे सकता है। छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों में सहयोग भी भविष्य के ऊर्जा विकास के लिए महत्वपूर्ण सिद्ध हो सकता है। दूसरी ओर, भारत अपनी बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए रूस को एक महत्वपूर्ण ऊर्जा स्रोत तथा निवेश साझेदार के रूप में देखता है। औद्योगिक, वैज्ञानिक और तकनीकी साझेदारी से दोनों देशों के हितों को समान रूप से लाभ मिल सकता है। (3) भुगतान प्रणाली और वित्तीय स्वायत्तता-इस यात्रा का एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण पहलू दोनों देशों की राष्ट्रीय भुगतान प्रणालियों- भारत की 'रु-पे' और रूस की 'एम आईआर' को जोड़ने का प्रस्ताव है। यह कदम दोनों देशों को पश्चिमी वित्तीय तंत्र, विशेषकर स्विफ्ट, से आंशिक स्वतंत्रता प्रदान कर सकता है।इससे पर्यटकों व्यवसायियों और छात्रों को लेन-देन में सीधी सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही रुपया-रूबल व्यापार को बढ़ावा मिलने की संभावना है, जो वैश्विक व्यापार में डॉलर पर निर्भरता घटाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। यद्यपि इस प्रक्रिया की तकनीकी और नियामकीय चुनौतियाँ कम नहीं, फिर भी यह पहल दोनों देशों के लिए वित्तीय आत्मनिर्भरता का मार्ग खोल सकती है।

(4) कुशल मानव संसाधन और श्रम सहयोग- रूस ने भारत से कुशल और अर्द्ध- कुशल श्रमिकों की भर्ती में रुचि व्यक्त की है। यह प्रस्ताव रूस की श्रम-गत आवश्यकता और भारत के विशाल युवा जनसंख्या व कौशल क्षमता का सम्मिलित समाधान प्रस्तुत करता है। पुतिन-मोदी वार्ता में प्रवासन, वीज़ा व्यवस्था, कौशल मान्यता और पारस्परिक रोजगार प्रणालियों पर समझौते होने की संभावना है। यह कदम भारत के युवाओं के लिए विदेशों में रोजगार के नए अवसर खोल सकता है। (5) अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य और भू-राजनीतिक संदेश-यह यात्रा दोनों देशों के लिए विश्व मंच पर एक संदेश भी है। पश्चिमी प्रतिबंधों और भू- राजनीतिक दबावों के बीच रूस भारत के साथ अपने संबंधों को मज़बूत कर अपनी रणनीतिक स्थिति को स्थिर करना चाहता है। वहीं भारत, अमेरिका और यूरोप से निकट संबंध बनाए रखते हुए भी रूस जैसेपारंपरिक साझेदार के साथ संतुलन कायम रखना चाहता है। भारत का लक्ष्य स्पष्ट है-बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में अपनी रणनीतिक स्वायत्तता को सुरक्षित रखना। यह यात्रा इसी उद्देश्य को और मजबूती प्रदान कर सकती है। (6) चुनौतियाँ और संवेदनशील मुद्दे- यद्यपि यह यात्रा अवसरों से भरपूर है, चुनौतियाँ भी समान रूप से मौजूद हैं। अमेरिका और यूरोपीय देशों के साथ भारत के संबंधों की संवेदनशीलता को देखते हुए रूस के साथअत्यधिक निकटता पश्चिम की प्रतिक्रिया को जन्म दे सकती है। भुगतान प्रणाली, मुद्रा समन्वय, तकनीकी हस्तांतरण और रक्षा उत्पादन जैसे क्षेत्रों में व्यावहारिक अड़चनें भी कम नहीं।इसके अतिरिक्त, यूक्रेन संघर्ष का वैश्विक राजनीतिक प्रभाव, रूस पर जारी प्रतिबंध,और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय तंत्र में बाधाएँ भी भारत -रूस सहयोग की गति को प्रभावित कर सकती हैं।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कार्य इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि दिसंबर 2025 की पुतिन-भारत यात्रा भारत-रूस साझेदारी के लिए एक निर्णायक क्षण है। यह दौरा केवल पुरानी मित्रता की पुनर्पुष्टि नहीं,बल्कि बदलती वैश्विक वास्तविकताओं के अनुरूप संबंधों के आधुनिकीकरण की दिशा में एक गंभीर प्रयास है रक्षा ऊर्जा अर्थव्यवस्था प्रौद्योगिकी, भुगतान प्रणाली,मुद्रा समन्वय, मानव संसाधन और अंतरिक्ष सहयोग-इन सभी क्षेत्रों में संभावित समझौते आने वाले वर्षों के लिए साझेदारी की नई संरचना तैयार कर सकते हैं। चुनौतियाँ अवश्य हैं, परंतु अवसर भी उतने ही बड़े हैं। यदि दोनों देश इन अवसरों को व्यावहारिक और संतुलित नीति के साथ पकड़ पाते हैं,तो भारत-रूस संबंध आने वाले दशक में वैश्विक राजनीति में एक नई दिशा का निर्धारण कर सकते हैं।

लेखक - **किशन सनमुखदास भावनानी**
गोंदिया, महाराष्ट्र

# आंचलिक

## खलघाट चक्काजाम पर 17 किसान नेता नामजद नेतृत्व करने वालों का गांवों में स्वागत

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ●खलघाट में राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के आह्वान पर हुए चक्काजाम मामले में 17 किसान नेताओं पर एफआईआर दर्ज की गई है। इनमें खरगोन जिले के सर्वाधिक 7 किसान नेता शामिल हैं, जिन्होंने इस आंदोलन का नेतृत्व किया था। पुलिस ने राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के महामंत्री गोपाल पाटीदार (छालपा), खरगोन जिलाध्यक्ष किशोर पाटीदार, रामेश्वर गुर्जर, निमाड़ प्रांतीय अध्यक्ष कैलाश पाटीदार, जिला उपाध्यक्ष हरिराम पाटीदार (मंडलेश्वर), जरोली निवासी राजा पिता भद्रसिंह सोलंकी, लोहारी निवासी अंकित पिता राकेश सोलंकी और महादेव पाटीदार के खिलाफ धारा 188, 340, 147 भादवि और राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 की धारा 8 बी के तहत मामला दर्ज किया है। खरगोन में किसानों ने आंदोलन को सफल मानते हुए बड़ूद, कोड़ल्याखेड़ी और मलगांव में नेताओं का स्वागत किया। इस दौरान प्रांत संगठन मंत्री गोपाल पाटीदार ने कहा कि जब मंडी में किसानों की उपज एमएसपी से कम भाव पर बिकती है, तब धारा 36 व 37 नहीं लगाई जाती। उन्होंने दावा किया कि किसानों ने शांतिपूर्ण आंदोलन किया और प्रशासन को सहयोग भी दिया। किसान प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि उन्हें 15 दिन का आश्वासन मिला है। केंद्र और राज्य में प्रतिनिधिमंडल चर्चा करेंगे। यदि इस अवधि में कोई निर्णय नहीं होता है, तो वे फिर से आंदोलन कर सकते हैं। पुलिस ने आंदोलन की वीडियोग्राफी कराई थी। हाईवे जाम करने और नुकसान पहुंचाने के आरोप में



17 किसान नेताओं पर नामजद और 700 अज्ञात किसानों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। धामनोद-खलघाट संवेदनशील पॉइंट पर हाईवे जाम को लेकर प्रशासन पहले से ही अलर्ट था। पुलिस ने इसे सामान्य धरना प्रदर्शन के बजाय हाईवे सिक्योरिटी केस माना, जिसके कारण राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम की धारा 8 (बी) लगाई गई, जो आमतौर पर कम मामलों में लगती है। 1 दिसंबर को खरगोन, बड़वानी, खंडवा और धार जिले के किसानों ने कर्जमाफी, एमएसपी, फसल नुकसानी मुआवजा सहित अन्य मांगों को लेकर हाईवे पर चक्काजाम किया था। इसके बाद केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर के नेतृत्व में खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, खरगोन सांसद गजेंद्र सिंह पटेल और राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेरसिंह सोलंकी का प्रतिनिधिमंडल कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय कपड़ा मंत्री से मिला था। किसानों की समस्याओं के संबंध में जल्द निर्णय लेने का आश्वासन दिया गया है।

## पांडुमल चौराहे से राजपुरा गेट तक सीसी रोड निर्माण शुरू : महापौर माधुरी पटेल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** ● पांडुमल चौराहे से राजपुरा गेट तक सीमेंट-कांक्रीट सड़क का निर्माण कार्य गुरुवार से शुरू हो गया। इस मार्ग पर अगले 15 दिनों तक आवागमन पूरी तरह बंद रहेगा। महापौर माधुरी पटेल ने इसकी जानकारी दी है। नगर निगम द्वारा शहर की खराब सड़कों को सुधारने के लिए सीमेंट-कांक्रीट और डामरीकरण सड़कों का निर्माण कार्य शुरू किया गया। बारिश के बाद से सड़कों के निर्माण की मांग लगातार बढ़ रही थी। निगम ने अब इस दिशा में



कदम उठाया है, जिससे आगामी 15 दिनों में कुछ सड़कों का काम पूरा होने की उम्मीद है।

महापौर माधुरी पटेल ने अधिकारियों को सड़क निर्माण कार्य में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

महापौर ने आमजन से अपील की है कि वे निर्माण कार्य के दौरान होने वाली असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें और नगर निगम का सहयोग करें। उन्होंने विश्वास दिलाया कि आने वाले समय में शहरवासियों को खराब सड़कों से होने वाली परेशानी से मुक्ति मिलेगी।

## दादाजी मंदिर नींव निर्माण के लिए 22 को खुलेंगे टेंडर, 6 साल से ज्यादा लगेगा समय

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● दादाजी मंदिर के नवनिर्माण की प्रक्रिया तेज हो गई है। गत 30 जून को भूमिपूजन और डिजाइन फाइनल होने के बाद अब पहले फेज में नींव (फाउंडेशन) के कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू हो गई है। ये टेंडर 22 दिसंबर को खुलेंगे। टेंडर जारी होने के बाद नींव का काम पूरा होने में करीब एक साल का समय लगेगा। मंदिर निर्माण में मकराना का करीब 1.30 लाख घनफुट मार्बल लगेगा, जिसकी आपूर्ति में ही 5 साल लग जाएंगे। मंदिर निर्माण समिति के अनुसार, भव्य मंदिर निर्माण में कुल 6 साल से ज्यादा का वक्त लग सकता है। राजस्थान में खदानों पर चर्चा और व्यापारियों से मुलाकात के बाद यह सामने आया है कि मंदिर में लगने वाले 1.30 लाख घनफुट मार्बल की आपूर्ति होने में ही करीब 5 साल का समय लगेगा।



### बिना तोड़फोड़ के तैयार होगी नींव

पहले चरण की निविदा के अनुसार, ठेकेदार को वर्तमान मंदिर को बिना क्षति पहुंचाए नींव का काम करना होगा। श्री दादाजी धाम में 108 खंभों का यह भव्य मंदिर संगमरमर के 'डेढ़ नंबर' सफेद पत्थर से बनाया जाना है।

### 4 चरणों में ऐसे होगा निर्माण

**पहला चरण:** मंदिर के पिछले हिस्से में काम होगा और नींव तैयार की जाएगी।
**दूसरा चरण:** छोटे दादाजी मंदिर के सामने वाले हिस्से में निर्माण कार्य होगा।
**तीसरा चरण:** छोटे दादाजी का मंदिर बनाया जाएगा।
**चौथा चरण:** अंत में बड़े दादाजी मंदिर और धूनीमाई क्षेत्र का विकास किया जाएगा।

### प्रशासनिक प्रक्रिया से हो रहा काम

गौरतलब है कि मंदिर निर्माण के लिए पूरी तरह से प्रशासनिक प्रक्रिया अपनाई जा रही है और निविदा के माध्यम से ही ठेकेदारों को आमंत्रित किया जा रहा है। भूमिपूजन इसी साल 30 जून को संपन्न हो चुका है।

## आज बिजली सप्लाई प्रभावित, 11 केवी फीडर के रखरखाव से 2 घंटे बंद रहेगी आपूर्ति

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** ● 4 दिसंबर को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 11 केवी फीडर के आवश्यक रखरखाव कार्य के कारण यह निर्णय लिया गया है।सहायक यंत्री एचटी मेंटेनेंस रोहित भारती ने बताया कि 11 केवी गड़बड़ महाजन फीडर पर रखरखाव कार्य किया जाएगा। इस बिजली कटौती से गुर्जर भवन, मातृसेवा सदन अस्पताल, संजय नगर पार्ट बी, निमाड़ अस्पताल, मोहन नगर, सुंदर नगर, बालाजी नगर, दत्तात्रय नगर और रास्तीपुरा सहित कई क्षेत्र प्रभावित होंगे। कंपनी ने सूचित किया है कि कार्य की आवश्यकता के अनुसार विद्युत प्रदाय बंद रहने का समय कम या ज्यादा किया जा सकता है।

## टीआई को ब्लैकमेल कर रही थी स्कूल प्राचार्य, सीजेएम ने केस दर्ज किया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** ● सीजेएम कोर्ट ने भोपाल निवासी एक प्राइवेट स्कूल की प्राचार्य प्रमिला तिवारी उपाध्याय पर ब्लैकमेलिंग की धारा 308-2 और 308-6 के तहत मामला दर्ज किया है। यह मामला बुरहानपुर के लालबाग थाने के तत्कालीन टीआई और वर्तमान में सीसीटीएनएस का कार्य देख रहे एपी सिंह से जुड़ा है। प्रमिला ने तत्कालीन टीआई एपी सिंह पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। इस मामले में 27 नवंबर को कोर्ट ने महिला के खिलाफ ब्लैकमेलिंग का केस दर्ज करने का आदेश दिया है। गुरुवार प्रेस कॉन्फ्रेंस में एपी सिंह ने इस पूरे मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रमिला ने अपना नाम बदलकर और शादीशुदा होने की बात छिपाकर 2022 में उनके खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कराया था। सिंह के अनुसार, इससे पहले महिला ने उन्हें ब्लैकमेल किया था और अवैध राशि की मांग की थी, जिसे वे देने में असमर्थ थे। एपी सिंह ने यह भी बताया कि महिला ने उन्हें आत्महत्या करने की धमकी भी दी थी। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने महिला की याचिका पहले ही खारिज कर दी थी और अब उन्हें सीजेएम न्यायालय से न्याय मिला है। एपी सिंह के अधिवक्ता मोहनलाल प्रजापति ने बताया कि प्रमिला उपाध्याय ने एपी सिंह से पहचान का गलत फायदा उठाया। उन्होंने कहा कि दुष्कर्म के आरोप जिन तारीखों में लगाए गए थे, उन दिनों एपी सिंह को दिल का दौरा पड़ा था और वे भोपाल में भर्ती थे। पुलिस जांच में भी यह बात सही साबित हुई थी।

## छात्रा के बेडरूम से 35 हजार चोरी, शादी में गया था परिवार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● माता चौक इलाके में एक छात्रा के बेडरूम में चोरी की वारदात सामने आई है। चोर अलमारी से 35 हजार रुपए नकदी और दो कीपैड मोबाइल चुरा ले गया। वारदात के वक्त छात्रा और उसका परिवार शादी समारोह में शहर से बाहर गया हुआ था। जानकारी के मुताबिक 8 दिन बाद लौटने पर चोरी का पता चला। पड़ोसी की सूचना पर खुलासा हुआ कि घर में रहने वाले किरायेदार ने ही इस घटना को अंजाम दिया है। आरोपी शहर का नामी चोर है, जिसके खिलाफ पुलिस ने नामजद एफआईआर दर्ज कर ली है। मामला थाना कोतवाली क्षेत्र के माता चौक इलाके का है। छात्रा संचिता सिंह राजपूत ने बताया कि चोरी की वारदात 22 नवंबर को हुई थी। उस समय पूरा परिवार शादी में शहर से बाहर था। छात्रा को अपने बेडरूम का सामान बिखरा हुआ मिला।


# रविन्द्र जडेजा की धीमी बल्लेबाजी से हारे : इरफान पठान



**रायपुर (एजेंसी)** ● पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने कहा है कि दूसरे एकदिवसीय में भारतीय टीम की हार का कारण अनुभवी बल्लेबाज रविन्द्र जडेजा की धीमी बल्लेबाजी रही है। भारतीय टीम ने इस मैच में दक्षिण अफ्रीका को 359 रनों का लक्ष्य दिया था पर इसके बाद भी वह इसे बचा नहीं पायी। पठान ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका अफ्रीका ने 39 से 49 ओवरों के बीच कसी हुई गेंदबाजी की, जिससे भारतीय टीम 370 तक नहीं पहुंच पायी। इरफान के अनुसार 15 से 20 रन और बनते तो शायद परिणाम अलग होता। उन्होंने कहा कि जडेजा ने धीमी बल्लेबाजी की है। जडेजा ने सातवें नंबर पर आने के बाद 27 गेंदों में केवल 24 रन बनाए। उन्होंने कप्तान केएल राहुल के साथ छठे विकेट के लिए 54 गेंदों में 69 रन बनाये थे।

इरफान ने कहा, राहुल ने अच्छा फिनिश किया। उन्होंने एक और कप्तानी पारी खेली। उनका अच्छा फिनिश करना जरूरी थी, अगर वो नहीं होता तो इतने रन भी भारत के नहीं बनते। मेरे हिसाब से जो जडेजा की पारी ठीक नहीं थी। उन्होंने 27 गेंदों में नाबाद 24 रन बनाए। भारतीय टीम के अधिकतर बल्लेबाजों ने 100 के स्ट्राइक रेट से ज्यादा बनाये पर जडेजा ने 88 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। जिस प्रकार के वह बल्लेबाज हैं उसमें ये आंकड़ा सही नहीं है। जडेजा का रवैया आक्रामक नहीं रहा। वहीं दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका ने शुरु में संभलकर खेलने के बाद आक्रामक रुख दिखाया। दक्षिण अफ्रीका ने 49.2 ओवर में ही 359 रनों का लक्ष्य हासिल कर लिया। साउथ अफ्रीका की ओर से एडेन मार्करम ने 110 जबकि मैथ्यू ब्रीट्जके ने 68 और डेवाल्ड ब्रेविस ने 54 रन बनाये।

# फिल्म 'इक्कीस' से बॉलीवुड में डेब्यू करेगी सिमर भाटिया



**मुंबई (एजेंसी)** ● अक्षय कुमार की भांजी सिमर भाटिया फिल्म 'इक्कीस' से बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं। फिल्म 'इक्कीस', से सिमर भटिया का पोस्टर सामने आया है। इस फिल्म में लीड रोल में अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा हैं। अक्षय कुमार ने सिमर के लिए इंस्टाग्राम पर एक खूबसूरत सा पोस्ट लिखा है। उन्होंने कहा, 'तुम्हें एक नन्ही सी बच्ची की तरह गोद में लेने से अब तुम्हें फिल्मों की दुनिया में कदम रखते देखने तक, जिंदगी सच में फुल सर्कल की तरह है। सिमर, मैंने तुम्हें एक शर्मीली बच्ची से, जो अपनी मां के पीछे छिप जाती थी, एक आत्मविश्वासी बनते देखा है, जो कैमरे का सामना करने के लिए ऐसे तैयार है जैसे वो इसी के लिए पैदा हुई हो।' अक्षय ने लिखा, - 'सफर मुश्किल है, लेकिन तुम उसी जोश, उसी ईमानदारी और उसी जिद्दी इरादे के साथ आगे बढ़ोगी, जो हमारे परिवार में है। हम भाटिया का फंडा सिंपल है, काम करो, दिल से करो, और फिर यूनिवर्स का जादू देखो। मुझे तुम पर बहुत गर्व है बेटा। दुनिया सिमर भाटिया से मिलने वाली है, लेकिन मेरे लिए तुम हमेशा से एक स्टार रही हो।



# परिवार ने हर कठिन समय में आगे बढ़ने का हौसला दिया: निहारिका

**मुंबई (एजेंसी)** ● अभिनेत्री और निर्माता निहारिका कोनिडेला ने अपने करियर, चुनौतियों और परिवार से मिलने वाले मजबूत समर्थन के बारे में विस्तार से बात की। एक इंटरव्यू में निहारिका ने विशेष रूप से अपने चाचा पवन कल्याण और भाई राम चरण द्वारा दिए गए मार्गदर्शन को अपनी सफलता का अहम आधार बताया है। उनका कहना है कि परिवार की मौजूदगी ने न सिर्फ उनके फैसलों को मजबूत बनाया, बल्कि हर कठिन समय में आगे बढ़ने का हौसला भी दिया। एक बातचीत में जब निहारिका से पूछा गया कि पवन कल्याण और राम चरण उनके जीवन और करियर में कितने महत्वपूर्ण हैं, तो उन्होंने कहा, 'उनके समर्थन से मुझे असाधारण शक्ति मिलती है। मुझे पता है कि वे बिना कुछ कहे भी हमेशा मेरे साथ खड़े रहते हैं। उनके अनुभव और उनके काम करने का अनुशासन मेरे लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनका मार्गदर्शन अमूल्य है, जिसे मैं अपनी रोजमर्रा की जिंदगी और काम में अपनाती हूं।' निहारिका ने स्वीकार किया कि कोनिडेला परिवार का हिस्सा होना गौरव की बात है, लेकिन इसके साथ बड़ी जिम्मेदारी और दबाव भी जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि चिरंजीवी, पवन कल्याण और राम चरण जैसी दिग्गज हस्तियों वाले परिवार से आने के कारण लोगों की उम्मीदें उनसे हमेशा ऊंची रहती हैं।

# हार्दिक के कारण मुश्ताक अली ट्रॉफी का बड़ौदा और गुजरात मैच स्थानांतरित

**मुंबई (एजेंसी)** ● हार्दिक पांड्या को देखने उमड़ रही भीड़ के कारण आयोजकों ने बड़ौदा और गुजरात के बीच होने वाले सैयद मुश्ताक अली क्रिकेट ट्रॉफी के मैच को हैदराबाद स्थानांतरित कर दिया गया है। अधिकारियों ने कहा कि बड़ौदा की ओर से खेल रहे हार्दिक को देखने के लिए टीम होटल, अभ्यास स्थल और टिकट काउंटरों के बाहर भारी तादाद में प्रशंसक आते जा रहे थे। ये संख्या सामान्य घरेलू मैचों की तुलना में



कहीं अधिक थी जिसके कारण सुरक्षा संबंधी दिक्कतें आ रही थीं। एक आयोजक ने कहा, 'हार्दिक के प्रति प्रशंसकों में दिवानगी है। प्रशंसकों की संख्या हमारी उम्मीद से कहीं ज्यादा थी। ऐसे में सुरक्षित और सुचारू आयोजन तय करने के लिए मैच को राजीव गांधी स्टेडियम में स्थानांतरित किया गया।' इस स्टेडियम में आम तौर पर अंतरराष्ट्रीय और आईपीएल मैच होते हैं। इसमें बेहतर सुरक्षा व्यवस्था और उच्च क्षमता के कारण एकदम उमड़ी भीड़ को संभाला जा सकता है।

## उज्जैन संभाग

# नई एजेंसी संभालेगी महाकालेश्वर मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था, 20 करोड़ रुपए खर्च करेगी मंदिर समिति

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ●नए वर्ष से श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा दिल्ली की सुरक्षा एजेंसी कोर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के पास होगी। इस सुरक्षा व्यवस्था के लिए महाकाल मंदिर समिति करीब 20 करोड़ रुपए सालाना खर्च करेगी। महाकाल मंदिर समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि इससे पहले काम कर रही कंपनी क्रिस्टल और केएसएस कंपनी का कॉन्ट्रैक्ट खत्म हो गया है। नए टेंडर के लिए कई कम्पनी ने आवेदन दिया था। जिसके बाद दिल्ली की कोर सर्विसेज कंपनी को सुरक्षा व्यवस्था दी गई है। कंपनी एक जनवरी से मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था संभालेगी। इस बार कुछ नए टर्म कंडीशन के साथ कंपनी को कॉन्ट्रैक्ट दिया गया है जिसमें कंपनी एक हजार गार्ड को मंदिर में लगाएगी। इसके साथ ही इसमें कुछ गार्ड हथियारों के साथ भी मांगे गए है। सभी को ड्रेस कोड में रहने को कहा गया है। कंपनी को मंदिर में डोर मेटल डिटेक्टर, हैंड मेटल डिटेक्टर, वॉकी-टॉकी के साथ उच्च कौशल सुपरवाइजर, सुरक्षा अधिकारी और गार्ड को तैनात करने को कहा गया है। इससे पहले मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था संभाल रही क्रिस्टल कंपनी में 700 गार्ड तैनात थे। नयी कंपनी 1000 गार्ड के साथ कमा शुरू करेगी।

# अंतिम सप्ताह में होगा किसानों का बड़ा आंदोलन, भारतीय किसान संघ की बैठक

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● भारतीय किसान संघ मध्यप्रदेश की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक ऑनलाइन माध्यम से बुधवार को आयोजित की गई। जिसमें किसान संघ के अखिल भारतीय स्तर के अधिकारी भी शामिल हुए। बैठक में हुए निर्णय की जानकारी देते हुए किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह आंजना ने बताया कि हमारी मांग है कि सिंहस्थ क्षेत्र में लैंड पुलिंग कानून सरकार तत्काल निरस्त करने का गजट नोटिफिकेशन सरकार जारी करे, किसानों पर दर्ज मुकदमे वापिस करे, टीडीएस की धारा 8/9/10/11 के गजट नोटिफिकेशन रद्द हों, सिंहस्थ क्षेत्र में स्थायी निर्माण न किया जाए। सात दिन के भीतर यदि सरकार ये मांगे नहीं मानती है तो भारतीय किसान संघ लैंड पुलिंग कानून के खिलाफ प्रदेशव्यापी आंदोलन करेगा। जिसमें प्रदेश भर से हजारों किसान उज्जैन आयेंगे। बैठक में सभी प्रांतों के अध्यक्ष, महामंत्री व संगठन मंत्री को आंदोलन की तैयारी के लिए प्रांत, जिला, तहसील, ग्राम समिति में बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए गए।



### सीएम की घोषणा के बाद संशोधन की बात क्यों

प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह आंजना ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि सरकार व प्रशासनिक अधिकारियों से बातचीत के बाद मुख्यमंत्री ने लैंड पुलिंग कानून को निरस्त करने की घोषणा की थी लेकिन आदेश संशोधन का निकाला गया। इस संशोधन आदेश के पीछे प्रशासनिक अधिकारियों की मंशा क्या है। इसके पीछे सिंहस्थ आयोजन की तैयारी में लगे अधिकारियों के कौन से अपने निजी हित हैं। यह स्पष्ट होना चाहिए।

### खाद, एमएसपी, प्याज, मक्का, बिजली पर भी चर्चा

प्रदेश बैठक में शामिल हुए प्रांतों के पदाधिकारियों ने खाद की कमी, मक्का की एमएसपी पर खरीदी न किए जाने व प्याज के बाजार में कम दाम, बिजली की रात में सप्लाई, धान के कम खरीदी केंद्र बनाने को लेकर नाराजगी व्यक्त की। किसान संघ ने कहा कि सरकार मक्का व प्याज उत्पादक किसानों को तत्काल प्रति क्विंटल राहत राशि प्रदान कर उनकी मदद करे।



# एनएसयूआई ने छात्रों की समस्याओं को लेकर दिया ज्ञापन, शासकीय नेहरू कॉलेज में सीसीई जमा करने की अवधि बढ़ाने की मांग

**दैनिक इंदौर संकेत**

**आगर - मालवा** ● शासकीय नेहरू कॉलेज में एनएसयूआई ने गुरुवार को प्राचार्य डीपी चतुर्वेदी को छात्रों की विभिन्न समस्याओं के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा। एनएसयूआई के राष्ट्रीय महासचिव अंकुश भटनागर ने बताया कि स्नातक और स्नातकोत्तर के कई छात्र सीसीई जमा करने की अंतिम तिथि निकल जाने के कारण वंचित रह गए हैं। संगठन ने सीसीई जमा करने की तारीख बढ़ाने की मांग की है। ज्ञापन में कॉलेज में प्राध्यापक और अन्य स्टाफ के रिक्त पदों को शीघ्र भरने की भी मांग की गई। इसके अतिरिक्त, पूर्व में घोषित परीक्षा परिणामों में कई छात्रों को शून्य अंक दिए जाने की त्रुटियों को सुधारकर संशोधित परिणाम जारी करने की मांग भी शामिल थी। एनएसयूआई ने नेहरू कॉलेज परिसर स्थित भवन में जिला विधि कॉलेज को अतिशीघ्र प्रारंभ करने पर भी जोर दिया। संगठन ने बताया कि सरकार ने पुराने विधि कॉलेज को बंद करने के बाद नए विधि कॉलेज शुरू करने की घोषणा की थी, लेकिन यह अब तक शुरू नहीं हो पाया है। इसे तत्काल शुरू करने की मांग की गई।

# बंबाखाना व्यापारिक संघ के चुनाव में शर्मा अध्यक्ष जैन सचिव निर्वाचित



**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● शहर के व्यस्ततम व्यवसायिक क्षेत्र बंबाखाना व्यापारिक संघ के तीन वर्षीय चुनाव हुए। इसमें अध्यक्ष वरुण शर्मा, सभापति अशोक माहेश्वरी, महासचिव कपिल कटारिया, उपाध्यक्ष विमल चौरड़िया, माधव दांतवानी, मनोज आलवानी, सचिव मुकेश जैन, कोषाध्यक्ष विजय पाटोदी, सह सचिव बाबूलाल नामदेव, प्रवक्ता हेमंत पावेचा निर्वाचित हुए। संरक्षक बबलू यादव और रवि राय को बनाया गया।

# डॉक्टर ने इलाज के दौरान नाबालिग से की छेड़छाड़, :आरोपी डॉक्टर परिवार सहित फरार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● महिदपुर में एक डॉक्टर पर नाबालिग के साथ छेड़छाड़ के आरोप लगे हैं। नाबालिग लड़की पेट की समस्या लेकर इलाज कराने डॉक्टर के क्लिनिक पर पहुंची थी। यहां आरोपी डॉक्टर ने नाबालिग को गलत तरीके से छूकर अश्लील हरकत की जिसके बाद लड़की ने हिम्मत कर डॉक्टर के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित एससी एसटी एक्ट में मामला दर्ज कराया है। एफआईआर दर्ज होने के बाद से डॉक्टर अपनी फैमिली को लेकर फरार हो गया। महिदपुर थाना पुलिस ने बताया कि नाबालिग लड़की ने बताया कि मामा के घर रहकर शासकीय हाई स्कूल कक्षा 10वीं पढ़ने वाली छात्रा को पेट में दर्द होने की शिकायत थी। लड़की अपने मामा के साथ सरकारी अस्पताल महिदपुर के सामने डॉ. विमल पाठक के धनवंतरी क्लीनिक पर इलाज करने के लिए पहुंची। इस दौरान लड़की के मामा मेडिकल पर नीचे बैठे थे और डॉक्टर पाठक नाबालिग लड़की को मेडिकल के ऊपर क्लीनिक में ले गए। वहां पर इंजेक्शन रूम में चेकअप करने लगा, इस दौरान डॉक्टर ने बुरी नीयत से अश्लील हरकत करने लगा। घर पहुंचकर मामी को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद महिदपुर थाने में अनुसूचित जाती की नाबालिग 14 वर्षीय लड़की की शिकायत पर आरोपी डॉ. विमल पाठक के विरुद्ध मामला दर्ज किया। मामले की जानकारी मिलते ही आरोपी डॉक्टर परिवार के साथ फरार हो गया।

# पुलिस ने बरगुंडा गैंग के तीन बदमाश पकड़े, सोशल मीडिया पर हथियार लहराकर दहशत फैलाते थे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● चिमनगंज थाना पुलिस ने बरगुंडा गैंग के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। तीनों सोशल मीडिया पर चाकू और पिस्टल दिखाकर दहशत फैलाते थे। साथ ही ये बदमाश आए दिन क्षेत्र में खड़ी गाड़ियों के कांच फोड़ना, घरों में पत्थर फेंकना, मारपीट और लोगों को धमकाने जैसी घटनाओं को अंजाम देते थे। गैंग के दो सदस्य तो अपनी उम्र से ज्यादा अपराध कर चुके हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों को पकड़कर उनका जुलुस भी निकाला। चिमनगंज मंडी थाना पुलिस के अनुसार, पुलिस को खुली चुनौती देने वाले बरगुंडा गैंग के तीनों बदमाश उज्जैन, इंदौर और मक्सी में कई आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। कुछ दिन पहले आरोपी अर्जुन बरगुंडा ने हाथ में पिस्टल और बड़ा चाकू लेकर सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड किया था। इसके बाद वह और उसके साथी लगातार चिमनगंज मंडी थाना क्षेत्र में उत्पात मचा रहे थे। बुधवार को पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर मौके का मुआयना करवाया। इस दौरान तीनों आरोपी पैरों से ठीक से चल भी नहीं पा रहे थे चिमनगंज मंडी थाना प्रभारी गजेंद्र पचौरिया ने बताया कि मुख्य आरोपी 24 वर्षीय अर्जुन बरगुंडा पर 37 अपराध दर्ज हैं, जबकि 25 वर्षीय चंचल उर्फ चव्वनी पर 34 मामले दर्ज हैं। इनके साथी मुकेश यादव पर तीन प्रकरण पहले से दर्ज हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### बाल श्रम के विरूद्ध कार्रवाई

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● श्रम विभाग के अमले ने आज बाल श्रम के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए एक 13 वर्ष के बालक को बाल श्रम से मुक्त कराया गया। बताया गया कि मोहम्मद आलम पुत्र मोहम्मद सुलेमान द्वारा संचालित टायर पंक्चर सुधार की दुकान शिवशंकर टी स्टॉल के पास ग्राम उमरिया चौराहा महू इंदौर में बाल एवं कुमार श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के तहत जिले में गठित बाल श्रम टास्क फोर्स द्वारा कार्यवाही की गई। यहां 13 वर्ष की उम्र के बालक द्वारा गाड़ी रिपेयर करने का कार्य कराया जा रहा था। जिसकी सूचना श्रमायुक्त कार्यालय इंदौर को प्राप्त हुई थी। सूचना प्राप्त होने के उपरांत गठित दल द्वारा बाल एवं कुमार श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के तहत नियोजक के विरुद्ध कार्यवाही की गई। जांच दल में श्रम निरीक्षक श्री प्रवेश गुप्ता एवं सुश्री तृप्ति डावर, चाइल्ड हेल्पलाइन से अमन नादुरकर एवं उन्नति विश्वकर्मा, एनजीओ आस संस्थान से शिवकन्या बघेल, श्रीराम ओसारी, राधा एवं थाना किशनगंज से जगदीश मेहता, प्रकाश मीणा उपस्थित रहे।

### जीपीएफ गुमशुदा कटौत्रों के निराकरण के लिये लगेंगे शिविर

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● महालेखाकार कार्यालय ग्वालियर द्वारा शासकीय सेवकों के जीपीएफ गुमशुदा कटौत्रे, निष्क्रिय जीपीएफ खाते, पार्ट वांट/फुल वांट एवं अप्रविष्ट मदों के निराकरण के लिये इंदौर एवं उज्जैन संभाग के जिलों में शिविर आयोजित किये जाएंगे। शिविर आयोजन का सिलसिला 15 दिसम्बर से प्रारंभ होकर 19 दिसम्बर तक चलेगा। कलेक्टर शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में एवं वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्रीमती मोनिका कटारे के निर्देशानुसार सामान्य भविष्य निधि के गुमशुदा कटौत्रों तथा सामान्य भविष्य निधि जागरुकता से संबंधित शिविर का आयोजन 15 से 19 दिसम्बर तक कलेक्टर कार्यालय, प्रशासनिक संकूल परिसर,मोती तबेला, इंदौर के कक्ष क्रमांक 112 प्रथम तल में किया जायेगा।

**ट्रैफिक सुधार : स्मार्ट सिटी के ट्रैफिक को स्मार्ट बनाने में जुटी है ट्रैफिक पुलिस, कई तरह से वाहन चालकों को दी जा रही है समझाइश**

# कायदे से चलोगे तो फायदे में रहोगे, वर्ना तो होती ही रहेगी जेब हल्की

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● स्मार्ट सिटी के ट्रैफिक को स्मार्ट बनाने के लिए ट्रैफिक पुलिस जागरुकता अभियान के साथ ही अब बेकायदा वाहन चलाने वालों पर भी अंकुश लगा रही है। बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चलाने वाले हों या फिर नो पार्किंग में वाहन खड़े करने वाले हों, बेकायदा बसें हों या ई-रिक्शा, आटो हों सबके चालान बनाए जा रहे हैं। ट्रैफिक पुलिस का कहना है कि कायदे से चलोगे तो फायदे में रहोगे वर्ना तो जेब हल्की करना पड़ेगी।

पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में एवं अति. पुलिस आयुक्त, क्राइम आरके सिंह तथा डीसीपी जोन 4, ट्रैफिक आनंद कलादगी के निर्देशन में ट्रैफिक को सुधारने के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। यातायात पुलिस द्वारा ऐसे वाहन चालकों के विरुद्ध सतत कार्रवाई की जा रही है जो बेकायदा सड़कों पर दौड़ रहे हैं।

**बिना हेलमेट के 605 चालान:** सुरक्षित यातायात व सड़क दुर्घटनाओं में सिर की चोटों से होने वाली मौतों पर



अंकुश तथा नागरिकों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से ट्रैफिक पुलिस पुलिस द्वारा हेलमेट के प्रति जागरूकता हेतु विभिन्न कार्यक्रमों के साथ ही बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जा रही है। बुधवार को चलाए गए विशेष अभियान के दौरान 605 दोपहिया वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई।

नो पार्किंग में खड़े वाहनों के 159 चालान यातायात बाधित करने वाले 159 वाहनों पर की कार्यवाही के साथ ही अनाउंसमेंट कर भी जा रही हैं चालकों को समझाईश दी जा रही है। शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों, बाजार क्षेत्रों तथा व्यस्त चौराहों पर विशेष अभियान चलाया गया। ट्रैफिक पुलिस ने स्पाट पर पहुंचकर नो पार्किंग में खड़े ऑटो, ई रिक्शा, कार, बस आदि वाहनों के चालान किए। रास्ता बाधित करने वाले वाहनों को हटवाया। दुकानों तथा संस्थानों को निर्धारित पार्किंग का उपयोग करने हेतु एनाउंसमेंट कर समझाइश दी। ट्रैफिक पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वाहनों को केवल निर्धारित पार्किंग क्षेत्रों में ही खड़ा करें। सड़क किनारे, बाजार क्षेत्रों, अस्पतालों, बस स्टॉप्स और मुख्य चौराहों के आसपास अनधिकृत पार्किंग न करें।

### नो एंट्री के 5 चालान

ट्रैफिक पुलिस ने 3 दिसंबर की सुबह से 4 दिसंबर की सुबह तक नो एंट्री में भारी वाहनों को लाने वाले 5 वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही कर 25 हजार, रुपये का समन शुल्क वसूल कर शात्तन के खाते में जमा कराया। साथ ही उन्हें हिदायत भी दी गई कि प्रशासन द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का पालन करें।

### ऑटो एवं ई. रिक्शा चालकों पर कार्यवाही

ऑटो एवं ई-रिक्शा चालकों के विरुद्ध विशेष मुहिम बलाई गई। इस दौरान प्रतिबंधित मार्ग का उल्लंघन, वन. दे, ओवरलोडिग तथा नोपार्किंग जैसे नियमों का उल्लंघन करने वाले 67 ई रिक्शा ऑटो पर सख्त कार्वाई की गई।

### नियमों का उल्लंघन करने पर कार्यवाही

बसों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पाया गया कि कई बस चालक प्रतिबंधित क्षेत्रों में बस खड़ी कर सवारियों को चढ़ाने-उतारने का कार्य कर रहे थे जिससे यातायात बाधित हो रहा था। इसके अलावा बसों में क्षमता से अधिक सवारियों बैठाना, निर्धारित वर्दी न पहनना, बेतरतीब तरीके से बस खड़ी करना एवं अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करना भी सामने आया। इन सभी उल्लंघनों पर 26 बसों के चालान बनाए गए।

### नंबर प्लेट से छेड़खानी, बाइक जब्त

गुरुवार को रेडिसन चौराहे पर उपनिरीक्षक बलराम सिंह तोमर द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए बाइक एमपी 09 एमई 2163 को गया। वाहन के कागजात जांच के दौरान पाया गया कि रजिस्ट्रेशन में वाहन का नम्बर एमपी 09 एमएफ 2163 है लेकिन बाइक सवार द्वारा एमएफ को एमई कर यातायात नियमों का उल्लंघन किया गया है।

# हाईकोर्ट के चंदन नगर टीआई इंद्रमणि पटेल के खिलाफ विभागीय और आपराधिक जांच के आदेश

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर के चंदननगर टीआई इंद्रमणि पटेल के खिलाफ हाईकोर्ट ने सख्त आदेश दिए हैं। यह मामला एक आरोपी, संजय दुबे, को पकड़ने में पुलिस की विफलता से जुड़ा है।

इंदौर के चंदननगर टीआई इंद्रमणि पटेल पहले ही एक केस में सुप्रीम कोर्ट में उलझे हुए हैं। अब हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने उनके खिलाफ सख्त आदेश दिए हैं। मामला पाक्सो के एक आरोपी संजय दुबे को नहीं पकड़ पाने से जुड़ा है। आरोपी पकड़ में नहीं आने पर पुलिस ने बेवजह उसके बेटे राजा दुबे को पकड़ा और गैर कानूनी तरीके से लॉकअप में रखा। इस मामले में राजा दुबे के लॉकअप में होने के बाद उनके साले आकाश तिवारी ने अधिवक्ता नीरज सोनी के जरिए रिट पिटीशन दायर की थी। इसमें हाईकोर्ट ने 4 दिसंबर को टीआई पटेल को पेश होने और थाने के सीसीटीवी फुटेज दिखाने का आदेश दिया था। लेकिन पटेल सीसीटीवी फुटेज लेकर नहीं पहुंचे और बहाना बना दिया कि वह पैनड्राइव में




अपलोड नहीं हो रही है। इस पर हाईकोर्ट ने पहले से पेश किए गए सीसीटीवी फुटेज को पर्याप्त आधार माना। पुलिस कमिश्नर को आदेश दिए कि यह मामला व्यक्ति के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। इसलिए संबंधित टीआई इंद्रमणि पटेल के खिलाफ विभागीय जांच और आपराधिक कार्रवाई दोनों की जाए। राजा दुबे को पुलिस ने महालक्ष्मी नगर इंदौर से एक सैलून से 26 नवंबर को सुबह 11 बजे उठाया और लॉकअप में बंद कर दिया। यह बात उनके साले आकाश तिवारी को पता चली तो वह छुड़ाने गए लेकिन पुलिस ने कुछ नहीं किया। उन्होंने थाने के सीसीटीवी फुटेज जमा किए। 27 नवंबर को बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका हाईकोर्ट में अधिवक्ता नीरज सोनी के जरिए लगा दी। याचिका लगने की खबर मिलने पर पुलिस ने 27 नवंबर की रात करीब साढ़े ग्यारह बजे राजा को छोड़ दिया।

हाईकोर्ट ने टीआई पटेल को आदेश दिए थे कि वह सीसीटीवी फुटेज 4 दिसंबर को पेश करें। टीआई ने बहानेबाजी की और कहा कि वह पेन ड्राइव में लोड नहीं हो रहे हैं। इस पर हाईकोर्ट जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस बिनोद कुमार द्विवेदी ने कहा कि हमारे पास याचिकाकर्ता द्वारा पेश फुटेज हैं, जो पर्याप्त हैं। थाने के सीसीटीवी को सुरक्षित रखा जाए। पुलिस कमिश्नर संबंधित टीआई की विभागीय जांच और आपराधिक कार्रवाई दोनों करें। इंदौर पुलिस के टीआई पटेल का यह पहला कारनामा नहीं है। इसके पहले भी टीआई पटेल ने एक आरोपी के खिलाफ चार के बजाय आठ केस होने का शपथपत्र पेश किया था। उन्होंने उस पर दुष्कर्म जैसे गंभीर आरोप भी लगा दिए थे।

# बीजेपी नेता नानूराम कुमावत के यहां पहुंची मुंबई आयकर टीम, जांच जारी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर बीजेपी नेता नानूराम कुमावत के यहां आयकर विभाग की जांच टीम पहुंची है। आयकर टीम मुंबई से आई है। मामला रामी ग्रुप आफ होटल्स पर महाराष्ट्र में हुए बड़े छापे से जुड़ा है। इसी के तहत इंदौर में भी टीम कुमावत के यहां पहुंची है।

आयकर विभाग की टीम ने मंगलवार सुबह मुंबई में रामी ग्रुप ऑफ होटल्स से जुड़े ठिकानों पर छापे मारने शुरू किए थे। इसके तहत मंगलवार को टीम इंदौर भी पहुंची और बुधवार को भी यह जांच की जा रही है। देशभर में 10 से ज्यादा शहरों के 38 ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। इंदौर में यह कुमावत ने कनाडिया रोड के पास बड़ा होटल बनाया हुआ है। इसका करार इसी



रामी ग्रुप से है। यह रामी तरंग के नाम से है। होटल का संचालन कुमावत के छोटे भाई झंवरलाल कर रहे हैं। इसी के चलते यह टीम होटल, दफ्तर व कुमावत के अन्य ठिकानों पर पहुंची थी। इस होटल के करार को लेकर कुमावत से जानकारी ली गई। द सूत्र से बात करते हुए कुमावत ने कहा कि एक रूटीन जांच थी, जो जानकारी मांगी हमारे द्वारा दे दी गई है। स्टेट जीएसटी विभाग ने पेस्टिसाइड कारोबारी संजय अग्रवाल के निवास और उनकी कंपनियों के कार्यालयों पर छापा मारा है। मंगलवार शुरू हुई कार्रवाई बुधवार को भी जारी थी। संजना पार्क स्कीम 140 में यह कार्रवाई की जा रही है। कंपनियों पर लाखों रुपए की जीएसटी चोरी का आरोप है। संजना पार्क स्थित निवास सहित पांच कंपनियों पर एक साथ छापा मारकर कार्रवाई शुरू की। इन कंपनियों नर्मदा ट्रेडर्स, ग्रो रिच एग्रोटेक, सुशील कॉर्पोरेशन की जांच हो रही है। एक टीम बिचौली मर्दाना स्थित अग्रवाल के निवास पर भी गई। कार्रवाई शुरू होते ही टीम ने बंगले में सभी की आवाजाही रोक दी। परिवार के सदस्यों के मोबाइल एक स्थान पर रखवा लिए। ग्रो रिच एग्रोटेक के डायरेक्टर अर्पित कंसल उनके सहयोगी हैं।

# डेली कॉलेज की छवि को धूमिल करने वाला इंस्टा पेज ओमान से

### क्राइम ब्रांच ने तकनीकी जांच तेज की

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● डेली कॉलेज प्रशासन ने संस्थान की प्रतिष्ठा धूमिल करने वाले एक गैरकानूनी इंस्टाग्राम पेज के विरुद्ध औपचारिक पुलिस शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में कहा गया है कि वाइस ऑफ डीसी नामक हैंडल पर भ्रामक व अपमानजनक सामग्री सुनियोजित ढंग से प्रसारित की गई। प्रशासन के अनुसार प्रारम्भिक तकनीकी जांच में यह संकेत मिला कि पेज विदेश (ओमान) से बनाया व चलाया गया, जिससे इसके पीछे दुर्भावनापूर्ण और संगठित मंशा साफ झलकती है। मामले की गंभीरता को देखते हुए क्राइम ब्रांच ने त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी है और संबंधित डिजिटल प्रमाणों की पड़ताल चल रही है।

क्राइम ब्रांच के एसीपी राजेश दंडोतिया ने पुष्टि की कि पेज का निर्माण और ऑपरेशन देश के बाहर से होने के संकेत मिले हैं, टीम ने प्लेटफॉर्म और अन्य एजेंसियों को डेटा संरक्षण (प्रिजर्वेशन) और तकनीकी विवरण उपलब्ध कराने के लिए अनुरोध भेजे हैं। जांच में आईपी लॉग, डिजिटल ट्रेल और संबंधित मेटाडेटा का विश्लेषण शामिल है। क्राइम ब्रांच ने यह भी स्पष्ट किया कि सिर्फ पेज चलाने वाले ही नहीं, बल्कि झूठी-अपमानजनक सामग्री को आगे प्रसारित करने वाले व्यक्तियों की भूमिका भी जांच के दायरे में है।

# कलेक्टर ने राजस्व प्रकरण के निराकरण में लापरवाही मिलने पर 3 पटवारियों को किया निलम्बित

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● राजस्व प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर शिवम वर्मा ने तीन पटवारियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की है। उन्होंने महू (डॉ. अम्बेडकर नगर) के तीन पटवारियों को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया है।

कलेक्टर वर्मा ने जिन पटवारियों को निलम्बित किया है उनमें आशीष कटारे, श्रीमती अनिता चौहान और श्रीमती मेघा शर्मा शामिल हैं। बताया गया कि इन्होंने अपने कार्य क्षेत्र में राजस्व प्रकरणों के निराकरण में गंभीर लापरवाही की है। इन्होंने तहसील महू के ग्राम सांतेर (रसलपुरा) में खसरा नंबर 68/1 एवं 69/1 के राजस्व प्रकरण में गंभीर



अनियमितता की है। इसको दृष्टिगत रखते हुए उक्त तीनों पटवारियों को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया है। निलंबन अवधि में इन तीनों का मुख्यालय देपालपुर नियत किया गया है।

# सरकारी स्कूल के टीचर को बनाया विधायक के यहां बाबू!

### हाईकोर्ट ने सरकार को 4 हफ्ते में जवाब देने को क 2

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**जबलपुर** ● सीधी जिले के एक सरकारी स्कूल के शिक्षक को विधायक रीति पाठक के यहां बाबू का काम सौंपे जाने के मामले पर जवाब पेश करने हाईकोर्ट ने सरकार को 4 हफ्ते का समय दिया है। याचिका में राहत चाही गई है कि बाबू बनाए गए शिक्षक को वापस स्कूल भेजा जाए, ताकि वो बच्चों को पढ़ा सकें। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा, जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने 27 जनवरी को सुनवाई के लिए कहा है। सीधी जिले की गोपद बनास तहसील की ग्राम पंचायत चौफल माध्यमिक कोठर की सरपंच शोभा यादव की जनहित याचिका दाखिल की गई है। उसका कहना है कि शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल में हीरालाल यादव, शिक्षक के पद पर पदस्थ थे। सीधी के जिला कलेक्टर ने 30 दिसंबर 2023 को उनकी नियुक्ति विधायक के यहां की थी। 23 अप्रैल 2023 को सीधी के जिला शिक्षा अधिकारी और फिर स्कूल के प्राचार्य ने भी हीरालाल यादव को वापस स्कूल में उपस्थित होने कहा था। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता संतोष कुमार सिंह हाजिर हुए।

# एयरपोर्ट पर अवैध वसूली, पीएम मोदी तक पहुंची शिकायत!

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर एयरपोर्ट पर अब एक नई धांधली सामने आई है। यहां पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली चल रही है। हालत यह है कि इस अवैध वसूली की शिकायत पीएम नरेंद्र मोदी को की गई है। दरअसल, इंदौर एयरपोर्ट पर पार्किंग शुल्क को लेकर यात्रियों ने पीएमओ से शिकायत की है।

आरोप है कि फ्री पिक एंड ड्रॉप के 7 मिनट पूरे होने पर जानबूझकर जाम लगाकर वसूली की जा रही है, जिसके समाधान के लिए अब अलग एग्जिट लेन की मांग उठ रही है।

**क्या है आरोप :** इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय




हवाई अड्डे पर पार्किंग व्यवस्था को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। यात्रियों का आरोप है कि यहां जानबूझकर वाहनों की लंबी कतारें लगवाई जाती हैं ताकि फ्री पिक एंड ड्रॉप का 7 मिनट का समय समाप्त हो जाए और उनसे जबरदस्ती पार्किंग शुल्क वसूला जा सके। इस मामले की शिकायत अब प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुंच गई है।

**सोशल मीडिया पर शिकायत :** मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एक यात्री तरुण महाजन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो साझा करते हुए अपनी नाराजगी जाहिर की है। उनका कहना है कि हवाई अड्डे पर अव्यवस्थित ट्रैफिक प्रबंधन के कारण जाम लगता है, लेकिन इसकी जिम्मेदारी यात्रियों पर डालकर उनसे पैसे वसूले जाते हैं। वीडियो में वह पार्किंग कर्मचारी से सवाल करते नजर आए कि जाम की वजह से समय सीमा समाप्त होने पर वे पैसे क्यों दें। उन्होंने कहा कि यदि व्यवस्था नहीं सुधरती तो इस फ्री सुविधा को बंद कर देना चाहिए। कर्मचारी ने उन्हें गाड़ी आगे बढ़ाने की बात कहकर टालने की कोशिश की।

**क्या कहा एयरपोर्ट प्रबंधन ने :** इंदौर एयरपोर्ट प्रशासन ने सोशल मीडिया पर असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है। प्रबंधन ने सफाई दी है कि पीक समय में भीड़ ज्यादा होने के कारण कभी-कभी पिकअप एंड ड्रॉप जोन से बाहर निकलने में देरी हो सकती है। उन्होंने मामले की जांच के लिए यात्री से वाहन नंबर, तारीख और समय की जानकारी मांगी है ताकि सीसीटीवी फुटेज देखकर समाधान किया जा सके।

**समय बढ़ाने की मांग :** बता दें कि यात्रियों ने मांग की है कि या तो जाम की स्थिति को नियंत्रित किया जाए, पिकअप एंड ड्रॉप की 7 मिनट की विंडो को बढ़ाया जाए या फिर पिक एंड ड्रॉप वाहनों के लिए एक अलग से निकास लेन बनाई जाए।

# नेशनल लोक अदालत 13 दिसंबर को

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इस कैलेंडर वर्ष की आखिरी नेशनल लोक अदालत 13 दिसंबर को आयोजित होगी। लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अन्य् अनियमितताओं के प्रकरण को आपसी समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी के लंबित प्रकरणों एवं विशेष न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की गई है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली जोन, वितरण केन्द्र, विजिलेंस कार्यालय से संपर्क करें।

शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी के बनाए गए लंबित प्रकरण एवं अदालत में लंबित प्रकरणों का निराकरण के लिये निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को प्रकरणों में ही छूट दी जाएगी।

प्रि-लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं 100 प्रतिशत ब्याज की राशि की छूट दी जाएगी। लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर लगने वाले व्याज पर 100 प्रतिशत राशि की छूट दी जाएगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।